C M Y K

**आज का विचार**

विश्वास और प्रेम में एक ही समानता है, दोनों में से किसी को भी जबरदस्ती पैदा नहीं किया जा सकता है...

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-218 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, सोमवार 2 जून, 2025



रामचंद्र जायसवाल खान सुरक्षा समिति सदस्य नामित

जय शाह के ट्रॉफी फोटोशूट के बाद पीएसजी की ऐतिहासिक जीत

## पहला कॉलम

### नॉर्थ-ईस्ट में मूसलाधार बारिश का कहर, अब तक 25 लोगों की मौत; बाढ़-लैंडस्लाइड ने भी मचाई तबाही

**गुवाहाटी/इम्फाल ,01 जून (ए)।** असम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर सहित पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में मूसलाधार मानसूनी बारिश ने तबाही मचा दी है। बीते दो दिनों से जारी भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन द्वारा तेजी से राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं। राज्य की राजधानी गुवाहाटी में भूस्खलन की चपेट में आकर कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई, जिनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। पहाडि़ों में लगातार बारिश के कारण मिट्टी ढीली हो गई, जिससे एक बड़ा हिस्सा खिसककर घरों पर आ गिरा। इसके अलावा गोलाघाट जिले में दो और लखीमपुर में एक व्यक्ति की बाढ़ में डूबने से मौत हो गई। चीन सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ ने विकराल रूप धारण कर लिया है। एक वाहन बह जाने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घटना में दो लोग डूब गए। राज्य में अब तक कुल 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश और भूस्खलन से 8 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों के अनुसार, इन राज्यों में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है,

## कुछ अलग

### क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज 8 जून को करेंगे सगाई, लखनऊ में होगी रिंग सेरेमनी

**लखनऊ ,01 जून(ए)।** टीम इंडिया के युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) की युवा सांसद प्रिया सरोज जल्द ही विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की सगाई 8 जून को लखनऊ के एक प्रतिष्ठित होटल में होने जा रही है, जहां परिवार के करीबी सदस्य और रिश्तेदार इस खास पल के साक्षी बनेंगे। प्रिया सरोज और रिंकू सिंह का रिश्ता इस साल जनवरी में तय हुआ था। दोनों का 'रोकाइ समारोह पहले ही संपन्न हो चुका है और अब उनकी रिंग सेरेमनी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रिया सरोज देश की सबसे युवा महिला सांसद हैं। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मछलीशहर सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर जीत दर्ज की थी। प्रिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीपी सरोज को 35,850 वोटों से हराया था। प्रिया का जन्म 23 नवंबर 1998 को वाराणसी में हुआ था। उन्होंने स्कूली शिक्षा नई दिल्ली के एयर फोर्स गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट से पूरी की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक और नोएडा स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी से एलएलबी की डिग्री हासिल की। प्रिया के पिता तूफानी सरोज समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं, जो तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं

## खरी-खरी




# पूरे उत्तर भारत में प्री मानसून का असर, अगले 4 दिन तक आंधी-बारिश की चेतावनी जारी

**0 उत्तर भारत में प्री मानसून का असर 0 भारी बारिश और तूफान का अलर्ट 0 ४ जून ऐसे ही हालात रहने के आसार**



**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल रहा है। अब कई राज्यों में बारिश हो रही है, जिसकी वजह से गर्मी के कहर से राहत मिली है। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत में अगले चार से पांच दिनों तक बारिश, आंधी तूफान का अलर्ट है। इसमें २ और ३ जून को तेज बारिश होगी। वहीं, पूर्वोत्तर के राज्यों में ३ जून तक भारी से बहुत भारी बारिश होने वाली है। २ जून को सब हिमालयी पश्चिम बंगाल में बहुत भारी बरसात का अलर्ट जारी किया गया है। आइए जानते हैं कैसा रहेगा

**दिल्ली-नोएडा में ४ जून तक बारिश के आसार**

दिल्ली और उसके आस-पास के इलाके जैसे नोएडा-एनसीआर में मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में २ जून से लेकर ४ जून तक बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान तापमान में गिरावट देखने को भी मिल सकती है। आज दिल्ली में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान ४० से ५० की स्पीड से हवाएं चल सकती हैं। वहीं, २ जून को आसमान में बादल छाए रहेंगे। हालांकि २ जून को अभी कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। इसके बाद २ जून से लेकर ४ जून तक लगातार ३ दिन आंधी तूफान के साथ बारिश होने की संभावना है।

**यूपी में ५ जून तक बारिश की संभावना**

बदलते मौसम और प्री मानसून के अनुसार मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि उत्तर प्रदेश में पी मानसून एक्टिविटी जल्द ही शुरू हो सकती है हालांकि एक बात और सामने आ रही है वह यह की यूपी में १० से १२ दिन बाद मानसून की एंट्री हो सकती है। बताया जा रहा है कि मानसून भारत के करीब १८ राज्यों में दस्तक दे चुका है। वहीं, अब बंगाल की खाड़ी में बन रहा दबाव वाला क्षेत्र सागर द्वीप से होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि यही डिप्रेशन उत्तर भारत की ओर मानसून को धकेलने के बजाय विपरीत दिशा में खींच सकता है।

**हरियाणा-राजस्थान में बारिश की फुहारें**

मौसम विभाग के मुताबिक, हरियाणा में २ और ४ जून सभी जिलों में बारिश होने की संभावना है। २ जून को हरियाणा के सभी जिलों में २५ से ५० फीसदी तक बारिश हो सकती है। वहीं, ३ जून को सिरसा, भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में ५० से ७५ फीसदी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा जींद, रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और मेवात में बारिश होने की २५ से ५० फीसदी तक संभावना है। बाकी अन्य जिलों में २५ फीसदी बारिश होने हो सकती है। वहीं, राजस्थान में मौसम विभाग की मानें तो अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। दिन का तापमान ४५ डिग्री से नीचे ही रहेगा। साथ ही २ जून से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके चलते कई इलाकों में तेज आंधी, मेघगर्जन और बारिश देखने को मिल सकती है।

**मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में होगी गरज-चमक**

मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश में जून की शुरूआत भी गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हो रही है। मौसम विभाग ने १ जून से ४ जून तक प्रदेश के २५ से अधिक जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, ७ से १० जून के बीच मानसून के दस्तक देने की संभावना है। वहीं, छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के कुछ इलाकों में ४ से ५ जून तक गर्जन के साथ ही ४० से ५० किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. हालांकि, अधिकतम तापमान में आज कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा.

# मिस वर्ल्ड 2025 ओपल सुचता ने खोला सफलता का राज, 'दो शब्दों' के दम पर जीता ताज




**मुंबई ,01 जून(ए)।** थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगसरी ने मिस वर्ल्ड 2025 का ताज अपने नाम किया। उन्होंने अपनी जीत का मंत्र साझा करते हुए बताया कि धैर्य' और 'दृढ़ संकल्प' ही वो दो शब्द हैं, जिनके चलते वह सफलता हासिल कर पाई हैं।

इस साल मिस वर्ल्ड 2025 का आयोजन हैदराबाद के तेलंगाना में किया गया। ग्रैंड फिनाले में चुआंगसरी ने वाइट कलर का गाउन पहना था, जिस पर ओपल जैसे फूल बने हुए थे। चेक गणराज्य की मौजूदा मिस वर्ल्ड क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने अपना ताज नई मिस वर्ल्ड को सौंपा। यह थाईलैंड की पहली बड़ी ब्यूटी पेजेंट जीत है। मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद चुआंगसरी ने मीडिया से बात की। अपनी सफलता का राज बताते हुए उन्होंने मीडिया से कहा, हमेशा खुद पर भरोसा रखो। अपनी असली सोच और मान्यताओं पर डटे रहो। मैं आज यहां इसलिए हूं क्योंकि मैंने अपने फोकस को बनाए रखा और खुद पर भरोसा रखा। साथ ही, अपने आप से प्यार करना कभी मत भूलो। उन्होंने आगे कहा, यह हमेशा आसान नहीं होता, कभी-कभी बहुत थकावट होती है और हिम्मत टूट जाती है। लेकिन अगर आप हार नहीं मानेंगे, तो आप एक दिन मंजिल तक जरूर पहुंच ही जाएंगे। आपको बता दें कि मिस वर्ल्ड 2025 में दुनियाभर से करीब 108 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया था। भारत की ओर से मॉडल नंदिनी गुप्ता ने इसमें हिस्सा लिया। हालांकि, वे मिस वर्ल्ड 2025 के खिताब की दौड़ में टॉप-20 तक ही जगह बना पाई। मिस वर्ल्ड के फिनाले की होस्ट मिस वर्ल्ड 2016 रह चुकीं स्टेफनी डेल वैले ने की। उन्होंने इवेंट में पारंपरिक भारतीय लहंगा पहना था। इवेंट में जैकलीन फर्नांडीज और ईशान खट्टर ने भी प्रस्तुति दी। 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में जज के तौर पर सोनू सूद शामिल थे, उन्हें ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड भी दिया गया। भारत में अब तक तीन बार मिस वर्ल्ड की प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। अब तक सबसे ज्यादा खिताब जीतने वालों में भारत सबसे आगे है। भारत ने 6 बार ये खिताब जीता है। आखिरी बार इसे जीतने वाली भारत मानुषी छिल्लर थीं।

# लगातार पैर पसार रहा है कोरोना, एक दिन में आए 685 नए मामले...3,395 के पार हुए एक्टिव केस

**◆ लगातार बढ़ता जा रहा है कोरोना ◆एक दिन में आए ६८५ नए मामले ◆अब तक हुई २६ लोगों की मौत**




**नई दिल्ली ।** दुनियाभर में इन दिनों कोरोना के मामलों में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इससे विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई है। भारत में भी पिछले कुछ दिनों से कोविड के मामलों में बढ़ोत्तरी देखी गई है। कोरोना के कुल मामले ३,००० का आंकड़ा पार कर गए. एक ही दिन में, ये २,७१० से बढ़कर ३,३९५ हो गए, यानी ६८५ नए मामले सामने आए. जनवरी २०२५ से अब तक २६ लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें दिल्ली, कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुई चार नई मौतें भी शामिल हैं.

एक ही दिन में बढ़े ६८५ मामले पिछले दिन ३१ मई, २०२५ को भारत में कुल एक्टिव केस ३,३९५ थे। एक दिन पहले से ६८५ नए मामले सामने आए थे यानि ३० मई को २,७१० मामले थे। यह जानकारी ३१ मई २०२५ तक की है. इसके हिसाब से पिछले एक दिन में ३० मई से ३१ मई के बीच ६८५ नए कोरोना के मामले बढ़े हैं। पिछले ५ दिनों में सबसे बड़ी वृद्धि ३० मई से ३१ मई के बीच ६८५ मामले और २९ मई से ३० मई के बीच ५११ मामले देखी गई है। २७ मई को भी एक महत्वपूर्ण उछाल था जब सक्रिय मामले १,०१० तक पहुंच गए थे।

**किस राज्य में कितने मामले?**

केरल- १,३३६
महाराष्ट्र- ४६७
दिल्ली- ३७५
गुजरात- २६५
कर्नाटक- २३४
पश्चिम बंगाल- २०५
तमिलनाडु- १८५
उत्तर प्रदेश- ११७
राजस्थान- ६०
पुडुचेरी- ४१
हरियाणा- २६
मध्य प्रदेश- १६
झारखंड- ६
पंजाब- ५

**दिल्ली, कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश में ४ नई मौतें**

कोविड १९ से पिछले २४ घंटे में ४ मौते हुई हैं, जिसमें दिल्ली, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश में एक-एक मौत हुई है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में ह्क्क.१.८.१ और रुस्न.७ वेरिएंट्स के कारण मामलों में वृद्धि हो रही है, इनसे मौत के मामले बढ़ रहे हैं। दिल्लीः ७१ साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई. उन्हें निमोनिया, सेप्टिक शॉक (गंभीर संक्रमण) और किडनी फेलियर जैसी कई गंभीर समस्याएं थीं।

# राजस्थान में एनआईए की बड़ी कार्रवाई : पाक जासूसी नेटवर्क से जुड़े संदिग्ध के ठिकाने पर छापा



**जयपुर ,01 जून(ए)।** पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की। एनआईए की टीम ने राज्य के एक अहम ठिकाने पर छापेमारी कर अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स से जुड़े संदिग्धों की भूमिका की जांच के तहत की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, एनआईए को इनपुट मिला था कि राजस्थान में कुछ व्यक्ति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से संपर्क में हैं और गोपनीय जानकारी साझा कर रहे हैं। इस आधार पर जयपुर सहित अन्य स्थानों पर छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान टीम को कई डिजिटल डिवाइस, संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन से जुड़े कागजात और अन्य आपत्तिजनक सामग्री हाथ लगी है।

एनआईए की जांच में सामने आया है कि संदिग्धों को पाकिस्तान से हवाला के जरिये फंडिंग हो रही थी और वे भारत की सामरिक जानकारियां लीक कर रहे थे। यह जासूसी नेटवर्क 2023 से सक्रिय बताया जा रहा है, जिसकी कड़ी राजस्थान से भी जुड़ती दिख रही है।

एनआईए पहले ही इस केस को गंभीर मानते हुए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 1923 और यूएपीए एक्ट 1967 सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज कर चुकी है। राजस्थान में की गई कार्रवाई को जांच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**पाक जासूसी केस में 8 राज्यों के 15 ठिकानों पर छापेमारी**

पाकिस्तान से जुड़े जासूसी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ह्द्ब) ने देश के आठ राज्यों में 15 स्थानों पर एक साथ बड़ी छापेमारी की। यह कार्रवाई पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स (क्कढ्ढह्य) से जुड़े संदिग्धों के खिलाफ की गई।

एनआईए ने जिन राज्यों में छापे मारे उनमें दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई), हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान टीमों ने संदिग्धों के ठिकानों से कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, संवेदनशील वित्तीय दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। ये सभी सबूत पाकिस्तान के इशारे पर भारत में चल रहे जासूसी नेटवर्क की जांच के तहत खंगाले जा रहे हैं।

जांच में सामने आया है कि जिन लोगों के यहां छापे मारे गए, उनके पाकिस्तान स्थित जासूसी नेटवर्क से सीधे संपर्क थे। यह भी पता चला है कि इन लोगों को भारत में जासूसी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वित्तीय मदद मिल रही थी।

एनआईए ने इस केस (12/2025/) को 20 मई को दर्ज किया था। इसकी शुरूआत उस आरोपी की गिरफ्तारी से हुई थी, जो 2023 से ही क्कढ्ढह्य के साथ मिलकर संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। बदले में उसे भारत के विभिन्न राज्यों में हवाला के जरिए पैसे मिल रहे थे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध
दर्द के इलाज :-
. सुईनुमा उपकरण / दूरबिन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
. स्लिप डिस्क / साइटिका का ओजोन द्वारा इलाज
. RFA मशीन एवं सुईनुमा उपकरण द्वारा साइटिका एवं कमर दर्द का इलाज
. कमर दर्द, गर्दन, पीठ का दर्द एवं हाथ का दर्द
. जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बों, एड़ी का दर्द
. दर्द की नसों को पहचान कर उसका इलाज
. (PLDD) लेजर मशीन द्वारा स्लिप डिस्क का इलाज
. Burger Disease कैंसर का दर्द CRPS
08 जून 2025, माह के दूसरे रविवार
डॉ. बी. मिंज
MBBS,MD, FIPM (Fellowship inPain Management) Interventional Pain Physician
Trained in Advance Pain Management Procedure From
Balaji Action Hospital, Delhi Daradia Pain Management Centere, Kolkata
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

पहला कालम

## अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस के अवसर पर डीएवी विद्यालय में साइकिल रैली का आयोजन



**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में फिट इंडिया अभियान के तहत जन-सामान्य में स्वास्थ्य जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवसज के अवसर पर डीएवी विद्यालय में सायकिल रैली का आयोजन प्राचार्य एच के पाठक के मार्गदर्शन व नेतृत्व में किया गया । आयोजन के मुख्य अतिथि विजय प्रसाद स्टॉफ ऑफिसर विद्युत यांत्रिकी एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र थे। अन्य अतिथियों में एच के .तिवारी, प्रबंधक, मानव संसाधन एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र, राजेश यादव, पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत बिश्रामपुर दीपेंद्र सिंह चौहान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बिश्रामपुर थे।आयोजन में विद्यालय के साठ की संख्या में बच्चों ने भागीदारी की।

विद्यालय प्राचार्य एच के पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि साइकिल रैली का उद्देश्य मनोविनोद के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से शरीर को स्वस्थ बनाए रखना है और लोगो में स्वास्थ्य चेतना विकसित कर स्वस्थ समाज एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना है।मुख्य अतिथि विजय प्रसाद ने आयोजन की सराहना कर कहा कि साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है इसके कई फायदे हैं।ये जीरो पॉल्यूशन में भी मददगार है।हम सभी को रोज कम से कम आधा घंटा साइक्लिंग करनी चाहिए।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने समस्त विद्यालय परिवार को अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस की शुभकामनाएं दी। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के।शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टॉफ इस दौरान सक्रिय रह आयोजन संपन्न कराया।

## रामचंद्र जायसवाल खान सुरक्षा समिति सदस्य नामित

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के महामंत्री ने कुमदा सात आठ खदान के फोरमैन रामचंद्र जायसवाल को दिनेश पोखरियाल की जगह संगठन से खान सुरक्षा समिति बिश्रामपुर क्षेत्र का सदस्य मनोनीत किया है।रामचंद्र जायसवाल सभा का प्रतिनिधित्व करेंगे और सभा ने उन्हें आवश्यक निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है।महामंत्री ने महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र को पत्र लिख इस नियुक्ति से अवगत कराया है।

## श्रीकोट में समाधान शिविर का हुआ आयोजन, क्षेत्र की जनता के हित के लिए शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध - सामरी विधायक

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं सुशासन के संकल्प को साकार करने उद्देश्य से सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आज अंतिम कड़ी में विकासखण्ड कुसमी के ग्राम पंचायत श्रीकोट में समाधान शिविर आयोजित हुआ।

शिविर में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हिरामुनी निकुंज के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या ग्रामीणजन पहुंच कर अपने आवेदनों के संबंध में जानकारी ली।

विधायक श्रीमती पैकरा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निकुंज के साथ जनप्रतिनिधियों ने समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानी। साथ ही शिविर स्थल पर आज प्राप्त हुए आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने क्षेत्र





में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सामरी विधायक श्रीमती पैकरा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाधान शिविर का अंतिम दिन है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जन जन की मांग, समस्या और शिकायत के निराकरण के लिए ०८ अप्रैल से प्रशासनिक अमला लगा रहा। और उनके द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए आवेदनों का निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में श्रीकोट क्लस्टर के अंतर्गत १० ग्राम के लोग शामिल हुए है इस क्लस्टर अंतर्गत १८७९ आवेदन प्राप्त हुआ था जिसका शतप्रतिशत निराकरण किया गया है। विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप आप लोगों की समस्या का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पक्के आवास से वंचित ग्रामीण परिवारों के लिए १८ लाख आवास स्वीकृत किया गया है।पिछले महीने आवास का सर्वे किया गया जिसमें सभी छुटे पात्र हितग्राहियो का आवास से लाभान्वित किया जाएगा। बेहतर सुविधा की लिए क्षेत्र में कई सड़क निर्माण का कार्य जारी है क्षेत्रवासियों को जल्द ही बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। क्षेत्र में सिंचाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बांध और नहर का निर्माण जारी है। शासन की जनहितैषी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। राशन कार्ड धारियों को निशुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है। ऐसे ही क्षेत्र की जनता के हित के लिए शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में श्रीकोट समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही पात्रतानुसार हितग्राहियों को योजनाओं को लाभ लेने प्रेरित किया गया। कृषि विभाग अंतर्गत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी गई , जिसके माध्यम से वे अनेक योजनाओं का लाभ ले पाएंगे। किसानों को फसलों में उपयोग के लिए खाद, धान-बीज एवं खाद भंडारण के संबंध में जानकारी दी गई ताकि किसान अपनी उपयोग अनुसार उठाव कर सकें। खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना अंतर्गत वितरण की जाने वाली सामग्री के बारे में बताया गया। शिविर में जानकारी दी गई कि जिनका राशन कार्ड नहीं बना है उनका राशन कार्ड किस तरह बनाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड के बनाने की प्रक्रिया एवं मिलने लाभ के बारे में जानकारी दी गई कि कार्ड बन जाने से गंभीर बीमारियों का निःशुल्क ईलाज करवा सकते हैं। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने १० महिलाओं की गोद भराई की रस्म व ०६ बच्चों का अन्नप्राशन कराया। साथ अहिल्या देवी होल्कर की ३०० जयंती के अवसर पर ०६ स्वच्छताग्रही दीदियों को शाल एव श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

शिविर में ३० लोगों को राशन कार्ड का वितरण, १८ समूह की दीदीयों को लखपति सम्मान प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा ०२ हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, श्रम विभाग द्वारा ०४ हितग्राहियों को श्रम कार्ड व ०६ हितग्राहियो को जाबकार्ड तथा ०२ हितग्राहियो को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी गई।

शिविर में जनपद अध्यक्ष कुसमी श्री बसंती भगत, उपाध्यक्ष श्री अशोक सोनी, जनपद सदस्य, गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## मोर गांव मोर पानी महाअभियान: लुण्ड्रा जनपद में जल संरक्षण बना जन आंदोलन

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत जिले भर में जल संरक्षण और जल संवर्धन को लेकर व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री विलास भोस्कर के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी ग्राम पंचायतों में कैच द रेनच्च अभियान के तहत वर्षा जल संचयन के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य भूजल स्तर में वृद्धि करना है। जनपद पंचायत लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुलंगा, डडगांव, बटवाही, और उदारी में



सरपंच, उप सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आमजनों की भागीदारी से नाली निर्माण, अमृत सरोवर के निर्माण तथा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई जैसे कार्य किए गए। इस अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन, नारा लेखन, जन रैली, जल शपथ और श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने च्च्जल है तो कल हैच्च जैसे नारों के साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया और जल बचाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूहों और मनरेगा श्रमिकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण, पानी की बबार्दी रोकने और जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही वृक्षारोपण और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देकर इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।मोर गांव मोर पानी अभियान ग्रामीणों की सहभागिता से जल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत पहल बनकर उभर रहा है, जो आने वाले समय में जिले के जल संसाधनों को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाएगा।

## केशवनगर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के यहां पांच लाख के जेवरात व नगदी ले गए चोर

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** थाना क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की घटनाओं ने पुलिस सहित आमजनों की नींद हराम कर रखी है।पिछले दिनों एसईसीएल बिश्रामपुर के केतकी खदान के ओवर मैन अरुण पांडेय के वन सी कॉलोनी स्थित ३६ नंबर आवास का ताला तोड़ लाखों के जेवरात व नगदी रकम पार कर दिया था वहीं चार दिनों पूर्व गौरीशंकर मंदिर का दान पेटी चोर दिनदहाड़े उठा ले गए थे।अब चोरों ने शनिवार ३१ मई को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के केशवनगर स्थित आवास का ताला तोड़कर आलमारी में रखा ७५००० रु नगदी समेत चार लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवरात ले भागे।पुलिस में दर्ज कराए रिपोर्ट में स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिखा बछार पति दीपांकर सरकार ४७ वर्ष ने बताया कि वह स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत है और केशवनगर स्थित पुराने पंचायत भवन में निवासरत है,शनिवार ३१ मई को वह अपने आवास में ताला लगाकर पड़ोसी शोभित पनिका को देखरेख करने कह अपने घर सिलफिली गई हुई थी ,तभी रात दस बजे उसने उसे घर में चोरी हो जाने की जानकारी दी जिस पर तत्काल वापस आकर देखा तो पाया कि घर का ताला टूटा है और तीन आलमारियों में दो खुले हैं और एक का लॉक टूटा है जिसमें उसका सोने का चैन,एक जोड़ी कान का टप,सोने की दो अंगूठी,सोने का मंगलसूत्र,दो लॉकेट सोने का,चार जोड़ी पायल नगदी रकम पचहत्तर हजार गायब है।पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा ३०५(ए),३३१(४)बीएनएस के तहत केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है

## बस्तर के पूर्व केन्द्रीय मंत्री नेताम नागपुर में आरएसएस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के कांकेर से पांच बार के सांसद एवं इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में मंत्री रह चुके, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे आदिवासी नेता अरविंद नेताम उम्र 82 वर्ष ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा 5 जून को नागपुर में अपने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाना उनका बड़प्पन है, और मेरा सौभाग्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार अच्छे हैं, पर मैं उम्र के इस पड़ाव में संघ में शामिल होने नहीं, मैं देश के आदिवासी राज्यों की बात रखने जा रहा हूं। इस कार्यक्रम को मोहन भागवत सम्बोधित करेंगे।

अरविंद नेताम ने रविवार को बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आगामी 5 जून को नागपुर ४में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जल-जंगल-जमीन, धर्मांतरण, औद्योगिक नीति को लेकर अपनी बात रखेंगे। हमारी पुरानी मांग आदिवासी समुदाय के धर्मकोड की मांग को भी रखेंगे, क्योंकि जनगणना में हिंदु लिखाया जाता है।

उन्होने कहा कि आदिवासी इलाकों में बड़े पैमाने पर औद्यागिकरण किया जा रहा है, जिससे बदलाव तो आयेगा, लेकिन बस्तर के आदिवासी इलाके के लोग कहां जायेगें पता नहीं चलेगा, क्योंकि औद्योगिकरण से बाहरी लोगों का प्रवेश अधिक होगा। श्री नेताम ने कहा कि राष्टीय स्वयं सेवक संघ राष्टहित और आदिवासी हित में काम करने वाला एकमात्र संगठन है। मगर भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा के कारण आदिवासियों के बीच में खाई बड़ी है, जिसे पाटने की जरूरत है। उन्होंने संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में उन्हें बुलाया जाना मेरा सौभाग्य है और इसके लिए मैं आभारी हूं, परंतु इस उम्र के इस पड़ाव में संघ में शामिल होना नामुमकिन है।

## तीरथगढ़ वाटरफॉल से नीचे गिरा नाबालिक, कई घंटे बाद शव बरामद

**जगदलपुर।** जिले के तीरथगढ़ वाटरफॉल में रविवार सुबह विशाखापत्तनम से आये एक परिवार का नाबालिक मेरीवा साईं पवन सात्विक फोटो व वीडियो बनाने के दौरान ऊपर से नीचे कुंड में जा गिरा। हादसे के तत्काल बाद परिवार के कुछ लोगों ने पानी मे छलांग लगाए, लेकिन जब तक नाबालिक डूब चुका था, इसकी जानकारी दरभा पुलिस से लेकर एसडीआरएफ की टीम को दिया गया। घटना के कई घंटे बाद नाबालिग का शव बरामद कर लिया गया है। दरभा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह विशाखापत्तनम से एक परिवार जिसमें 20 से 25 लोग पर्यटन स्थल तीरथगढ़ वाटरफॉल घूमने के लिए आये हुए थे। इस दौरान परिवार के लोग तीरथगढ़ वाटरफॉल के पास फोटो, वीडियो बना रहे थे, इसी दौरान नाबालिक बालक मेरीवा साईं पवन सात्विक 17 वर्ष अपने फोन को लेकर झरने के ऊपर चढ़कर फोटो व वीडियो बनाने लगा, जहां अचानक उसका पैर फिसलने से ऊपर से सीधा कुंड में जा गिरा।

बता दे कि तीरथगढ़ वाटरफॉल के पत्थर में लगी काई के फिसलन को नजर अंदाज कर फोटो-विडियों बनाने में इतना खोते हैं, जिससे अक्सर इस तरह की जानलेवा घटनाएं होती है। वहीं यहां पर सुरक्षा के कोई उपाय मौजूद नही है। स्थानिय लोगों के द्वारा मना करने के बाद भी नही समझते है और अपनी जान गवा देते है। इससे पूर्व आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले से आये एक छात्र की भी इसी तरह गहरे पानी मे जाने से मौत हो चुकी है, वही इसी तीरथगढ़ वाटरफॉल के ऊपर पति पत्नी बैठकर बात करने के दौरान अचानक से महिला नीचे गिर गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी, वहीं बरसात के समय एक युवाओं का ग्रुप घूमने के लिए आया हुआ था, अचानक से पानी के बढ़ जाने से पूरे लोग रात भर पेड़ में बैठकर अपनी जान बचाये थे, ऐसे कई मामले है जिसमे युवाओं ने सिर्फ अपने एक छोटी सी लापरवाही के कारण अपनी जान गवा चुके है।

## पश्चिम बंगाल पुलिस ने इंस्टाग्राम इंफ़्लुएंसर को किया गिरफ़्तार, बीजेपी और पवन कल्याण क्या बोले

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मुद्दे पर एक समुदाय विशेष की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के आरोप में २२ साल की लॉ स्टूडेंट और इंस्टाग्राम इंफ़्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ़्तार कर लिया है.कोलकाता के गार्डनरीच थाने की पुलिस ने उन्हें गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है. कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है.कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने बीबीसी के सहयोगी पत्रकार प्रभाकर मणि तिवारी को बताया कि ₹शर्मिष्ठा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बॉलीवुड एक्टर्स की चुप्पी को लेकर एक वीडियो अपलोड किया था, इसी दौरान उन्होंने एक धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी की थी.शर्मिष्ठा पनोली को गुरुग्राम की अदालत में पेश करने के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाकर शनिवार को अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया.कोर्ट ने शर्मिष्ठा को १३ जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.शर्मिष्ठा के वकील का कहना है कि इस गिरफ़्तारी के खिलाफ उन्होंने अदालत में जमानत याचिका दायर की है. उन्होंने ये भी बताया कि शर्मिष्ठा का मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त हो चुका है.समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए वकील शमीमुद्दीन ने कहा, हमने अदालत के सामने जमानत याचिका पेश करते हुए बताया है कि अभियोजन पक्ष ने जिन वस्तुओं के कथित तौर पर इस्तेमाल होने का जिक्र किया है, मसलन मोबाइल फोन और लैपटॉप, उन्हें पहले ही जब्त कर लिया गया है.वकील ने कहा, ₹अदालत ने हमारी याचिका सुनी. अभियोजन पक्ष ने पुलिस हिरासत की मांग की थी, जिसे खारिज कर दिया गया. अभियुक्त को १३ जून, २०२५ तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.इस बीच समाचार एजेंसी आईएएनएस का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें पुलिस की गाड़ी में बैठने से पहले शर्मिष्ठा कहती दिख रही हैं, ₹लोकतंत्र में मेरा उत्पीड़न किया गया. यह लोकतंत्र नहीं है.शर्मिष्ठा पुणे के सिंबायोसिस लॉ स्कूल में बीबीए-एलएलबी ऑनर्स के चौथे साल में पढ़ती हैं. उनकी गिरफ्तारी पर आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण और पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी समेत कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी है.शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में 'तुष्टिकरण की राजनीति' का आरोप लगाया है. वहीं पवन कल्याण ने कहा है कि पुलिस को उचित तरीके. से काम करना चाहिए.कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने प्रभाकर मणि तिवारी को बताया कि बीते दिनों शर्मिष्ठा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली थी. हालांकि बाद में उन्होंने इसे डिलीट कर इसके लिए माफी मांग ली थी.लेकिन, १५ मई को कोलकाता के गार्डनरीच थाने में शर्मिष्ठा के खिलाफ एक शिकायत हुई, जिसके आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया.पुलिस के मुताबिक, इस शिकायत के बाद शर्मिष्ठा को नोटिस भेजने की कोशिश की गई. लेकिन वो पूरे परिवार के साथ अंडरग्राउंड हो गई थीं. बाद में उनके खिलाफ जारी वॉरंट के आधार पर गिरफ्तारी की गई.पुलिस अधिकारी ने बताया कि शर्मिष्ठा ने विवादास्पद वीडियो वायरल होने और उसके विरोध के बाद सोशल मीडिया पर बिना शर्त माफी मांगते हुए विवादित वीडियो और संबंधित पोस्ट को हटा दिया था. लेकिन कोर्ट ने इस मामले में वॉरंट जारी किया था.सोशल मीडिया पर शर्मिष्ठा का एक वीडियो भी वायरल है, जिसमें वो एक धर्म विशेष को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करती देखी जा रही हैं. कहा जा रहा कि पुलिस ने इसी वीडियो की शिकायत पर कार्रवाई की है.'इंडियन एक्सप्रेस' अखबार ने सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की प्रो चांसलर के हवाले से बताया है कि शर्मिष्ठा को यूनिवर्सिटी ने अकादमिक और नॉन अकादमिक गतिविधियों से तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया है.यूनिवर्सिटी की प्रो चांसलर विद्या यरवेडकर ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, शर्मिष्ठा ने जो कुछ भी कहा है उसके बारे में हमें सोशल मीडिया के जरिए पता चला. जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया है, वह सिंबायोसिस के स्टूडेंट या किसी भी भारतीय नागरिक के लिए पूरी तरह से अशोभनीय है.उन्होंने कहा, ₹हमने यूनिवर्सिटी की आचार संहिता का पालन किया और डिसिप्लिनरी कमेटी की बैठक की. छात्रा को तीन महीने के लिए शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है.इसके अलावा सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने शर्मिष्ठा के प्लेसमेंट पर भी रोक लगा दी है.प्रो चांसलर ने बताया, हम वसुधैव कुटुम्बकम की भावना और सभी संस्कृतियों और धर्मों के प्रति सम्मान की शिक्षा देते हैं. हमने सख्त कार्रवाई की है और उन्हें प्लेसमेंट से भी रोक दिया है.शर्मिष्ठा की गिरफ़्तारी पर आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने पश्चिम बंगाल पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सभी के लिए उचित तरीके.से काम करना चाहिए.पवन कल्याण ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लॉ की छात्रा शर्मिष्ठा ने अपनी बात रखी. उनके शब्द खेदजनक और कुछ लोगों को दुख पहुंचाने वाले थे. उसके लिए उन्होंने अपनी गलती मान ली और वीडियो डिलीट किया. साथ ही माफी भी मांगी. पश्चिम बंगाल पुलिस तुरंत एक्शन में नजर आई और शर्मिष्ठा के खिलाफ कार्रवाई की.₹लेकिन जब टीएमसी के चुने हुए नेता, सांसद सनातन धर्म का मजाक उड़ाते हैं तो लाखों लोगों को जो गहरा, तीखा दर्द होता है, उसके बारे में क्या? जब हमारी आस्था को 'गंदा धर्म' कहा जाता है तो आक्रोश क्यों नजर नहीं आता? उनकी माफी कहां है? उनकी तत्काल गिरफ़्तारी क्यों नहीं हुई?पवन कल्याण ने इस पोस्ट के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक वीडियो भी शेयर किया है.पवन कल्याण ने आगे कहा, ईशनिंदा की हमेशा निंदा की जानी चाहिए. धर्मनिरपेक्षता कुछ लोगों के लिए ढाल और दूसरों के लिए तलवार नहीं है. यह दोतरफा रास्ता होना चाहिए. पश्चिम बंगाल पुलिस.. देश देख रहा है. सभी के लिए न्यायपूर्ण तरीके से काम करें.शर्मिष्ठा की गिरफ़्तारी पर पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल में 'तुष्टिकरण की राजनीति' हो रही है.समाचार एजेंसी एएनआई से शुभेंदु अधिकारी ने कहा, ₹महुआ मोइत्रा ने मां काली पर अपमानजनक टिप्पणी की थी. उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी, लेकिन क्या कोई कार्रवाई हुई? टीएमसी की सांसद सायोनी घोष की महादेव को लेकर की गई पोस्ट पर कोई कार्रवाई हुई? फिरहाद हकीम के खिलाफ कई सारी एफआईआर हुईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. कार्रवाई सिर्फ सनातनी के खिलाफ होती है. यहां सनातनी को गाली देने का लाइसेंस है.वहीं कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि शर्मिष्ठा की गिरफ़्तारी पुलिस की शक्तियों का दुरुपयोग है.

उन्होंने एक्स पर लिखा, जब तक यह स्पष्ट तौर पर साबित न हो जाए कि सोशल मीडिया पोस्ट से कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है. तब तक ऐसे पोस्ट के लिए इस तरह की अंतरराज्यीय गिरफ्तारियां स्पष्ट रूप से पुलिस शक्तियों का दुरुपयोग है.एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान उन नेताओं में से हैं जिन्होंने शर्मिष्ठा की टिप्पणी के बाद उनकी गिरफ़्तारी की मांग की थी.उन्होंने शर्मिष्ठा का वीडियो बीते १४ मई को एक्स पर पोस्ट कर लिखा था, ₹इसने हमारे नबी के बारे में बहुत ही बेहूदा अल्फाज इस्तेमाल किया है जो कोई भी मुसलमान बर्दाश्त नहीं करेगा. जब पूरा देश एक साथ मिलकर खड़ा है, इस वक्त इस तरह की भाषा बोलकर ये देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रही है.वारिस पठान ने अपनी इसी पोस्ट के जरिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शर्मिष्ठा की गिरफ़्तारी की भी मांग की थी.शर्मिष्ठा की गिरफ़्तारी के बाद अब वारिस पठान ने कहा है, ₹किसी को भी किसी की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं है. जिस वक्त पूरा देश एक साथ खड़ा है उस वक्त आप ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.उन्होंने कहा, उनके खिलाफ कई लोगों ने शिकायत दर्ज कराई और कानूनी कार्रवाई की मांग की. हमने भी सरकार से गुहार लगाई थी कि इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए. इस तरह की भाषा को कोई भी बर्दाश्त नहीं करेगा.वारिस पठान ने कहा, ₹अब उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है. हमने पहले ही कहा था हिंसा का हमने हमेशा खंडन किया है. किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का कोई अधिकार नहीं है. मगर, कानूनी कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए, ताकि दोबारा कोई ऐसा ना करे.



# गेवरारोड-पेंड्रारोड रेलवे कॉरिडोर : विकास के साथ उपेक्षा का दंश झेल रहे ग्रामीण





**कोरबा अम्बिकावाणी** - केन्द्र सरकार द्वारा आम बजट में स्वीकृत १२७.७ किलोमीटर लंबा गेवरारोड-पेंड्रारोड रेलवे कॉरिडोर क्षेत्रीय विकास की नई इबारत लिखने वाला एक महत्त्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में यातायात सुगमता, आर्थिक सशक्तिकरण और व्यापारिक गतिविधियों को बल मिलने की उम्मीद है। परंतु इसके निर्माण कार्य के बीच कटघोरा जनपद अंतर्गत राल और डोकारीखार गांवों के ग्रामीण भारी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे कॉरिडोर के कारण मुख्य मार्ग पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो चुका है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी विकराल हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते और उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। साथ ही, मेडिकल आपातकालीन स्थिति में भी गांव से बाहर आना-जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों और स्थानीय कर्मचारियों को प्रतिदिन इस दलदली रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जिससे कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि पूर्व में रेलवे विभाग के अधिकारी राकेश सिंह द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर लिखित सहमति दी गई थी, जिसमें मार्ग सुधार और सुरक्षा उपायों का उल्लेख था। लेकिन आज दिनांक तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने बार-बार रेलवे विभाग और प्रशासन से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों की प्रमुख मांग यह है कि रेलवे कॉरिडोर के अंतर्गत बने पुलिया के किनारे कंक्रीट वॉल का निर्माण कराया जाए, जिससे बारिश के दौरान मिट्टी का कटाव रोका जा सके और सड़क टिकाऊ बनी रहे। उनका कहना है कि यह इलाका अंदरूनी होने के कारण प्रशासनिक नजरों से दूर रह जाता है, जिससे उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। जहां एक ओर रेलवे कॉरिडोर क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात मानी जा रही है, वहीं दूसरी ओर राल और डोकारीखार जैसे गांव इसके दुष्परिणाम भुगत रहे हैं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि शासन-प्रशासन इस ओर शीघ्र ध्यान देगा और विकास के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी निर्वहन करेगा।

## एचटीपीएस में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### लेकर निकाली गई साइकिल रैली, आवासीय परिसर में बच्चों के बीच चित्रकला स्पर्धा आयोजित



**कोरबा अम्बिकावाणी** - हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम में विश्व पर्यावरण सप्ताह उत्साह से मनाया जा रहा है। ०५ जून विश्व पर्यावरण दिवस के लिए इस सप्ताह विभिन्न कार्यकम रखे गए हैं। रविवार को सुबह मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव की अगुवाई में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। आवासीय परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत च्च्हरित प्रतिज्ञाज्ज के साथ की गई। इसके साथ ही च्च्एक पेड़ मां के नामज्ज अभियान के तहत वृक्षारोपण का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने कहा कि हर व्यक्ति ₹ एक पेड़ मां के नाम₹ जरूर लगाएं।

कार्यक्रम में संकल्प महिला मंडल, कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लेकर निकाली गई यह रैली सीनियर क्लब से निकलकर कालोनी परिसर का भ्रमण करते हुए सीनियर क्लब लौट गई। रैली में बड़ी संख्या में संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। रैली के प्रति बच्चों में खासा उत्साह रहा। सहायक प्रबंधक पर्यावरण विकास उइके ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम-च्च्वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करनाज्ज है। इस विषय पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन और सुधीर पंड्या ने हिस्सा लिया।

# वयवंदन के हितग्राहियों का आधार अपडेशन प्राथमिकता से पूर्ण करें- कलेक्टर अजीत वसंत

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित

**कोरबा अम्बिकावाणी** - कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विकासखंडों में वयवंदन के हितग्राहियों के आधार अपडेशन प्राथमिकता से पूर्ण कर लिया जाए ताकि उन्हे स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आयुष्मान कार्ड से प्राप्त हो सके। आधार अपडेशन का कार्य अभियान के रूप में पूर्ण किया जाए। इसके लिए गांवों में वीएलई घर घर जा कर आधार अपडेशन करें। स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला भी आधार अपडेशन के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हर ०३ माह में वरिष्ट नागरिकों की चिकित्सा जांच एवं उपचार के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जावे।उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून का आगमन होने वाला है, बारिश के दौरान होने वाली संचारी बीमारी, मलेरिया, डायरिया हैजा,डेंगू आदि के नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग योजनाबद्ध तरीके से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेवे। मितानिनों के द्वारा बीमारियों से बचाव के लिए जनजागरुकता कार्य किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी स्वास्थ्य कर्मी बिना बताए अनुपस्थित न रहे। बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के दायित्व और कर्तव्य पालन पर नजर रखें। कलेक्टर ने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शत प्रतिशत संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराएं जावे। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वस्थ अमले को निर्देशित किया कि विशेष पिछड़ी जनजाति वाली ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता से टीबी मुक्त किया जाए। समीक्षा बैठक



में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केशरी तथा समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, डीपीएम,समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त बीपीएम एवं विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ एस एन केशरी द्वारा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को अपने ड्यूटी टाइम में चिकित्सालय में उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पीवीटीजी बसाहटों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। शिविर में उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण, खून, शुगर, बीपी की जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने आदि जैसे अनेक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभांवित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सामूहिक सहयोग से जिले को टी बी मुक्त बनाएं। टीबी मरीजों का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड एवं दिव्यांग प्रमाणपत्र प्राथमिकता से बनायें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी केंद्रों में आवश्यक सभी दवाइयां की शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिले में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शत प्रतिशत प्रसव संस्थागत कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सब हेल्थ सेंटर में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा। इस हेतु मितानिनों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीयन उनका नियमित स्वास्थ्य जांच एवं फालोअप लेने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच के दौरान उन्हें पूर्व में हुई बीमारी के विषय में जानकारी अवश्य देना चाहिए ताकि उनका उचित इलाज हो सके।उन्होंने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु आवश्यक सभी प्रयास करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की टीका, कुष्ठ उन्मूलन, क्षय रोग, टी.बी. एड्स, हाइपरटेंशन, अंधत्व निवारण, चश्मा वितरण, विटामिन दवा, मनोरोग चिकित्सा, लैब आन व्हील्स कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ मद के तहत नियुक्त किए गये चिकित्सकों के ड्यूटी कार्य की जानकारी ली। उन्होंने डीएमएफ एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी रिक्त पदों के विरुद्ध चयनित चिकित्सक या अन्य अभ्यर्थियों के द्वारा ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों का चयन शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित गायनकोलॉजिस्ट द्वारा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच स्वास्थ्य केंद्रो में समय पर सुनिश्चित की जाएं और उसका फॉलो अप ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जरूर लेवें।

## दुर्ग जिले में शिक्षकों की पोस्टिंग में असंतुलन से प्रभावित हो रहा ग्रामीण अंचल के स्कूलों का परीक्षा परिणाम



**रायपुर**। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने शिक्षा विभाग को प्रेषित अपनी रिपोर्ट में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि जिले के ग्रामीण अंचलों के शासकीय हाई स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी तथा शहरी क्षेत्रों में शिक्षकों की अधिकता के कारण शैक्षिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचल के स्कूलों का परीक्षा परिणाम औसत से भी कम है। शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए युक्तियुक्तकरण जरूरी है। ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में शिक्षकों की आवश्यकता के अनुरूप पदस्थापना करने से बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और रिजल्ट में सुधार होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने रिपोर्ट में उल्लेखित किया है कि विकासखंड धमधा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मुरमुदा में स्वीकृत 6 पदों के विरुद्ध मात्र 3 व्याख्याता कार्यरत हैं, जबकि कक्षा दसवीं की छात्र संख्या 63 है। शिक्षक अभाव के कारण यहाँ का वार्षिक परीक्षा परिणाम मात्र 47.62 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार शासकीय हाई स्कूल सिलितरा और शासकीय हाई स्कूल बिरेझर में भी स्थिति अत्यंत दयनीय है। दोनों विद्यालयों में स्वीकृत 6-6 पदों के विरुद्ध एक भी व्याख्याता पदस्थ नहीं है। क्रमशः 81 एवं 63 छात्रों की दर्ज संख्या वाले इन विद्यालयों में परीक्षा परिणाम क्रमशः 36.59 प्रतिशत एवं 35.00 प्रतिशत ही रहा है।

वहीं दूसरी ओर, शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में छात्रों की अपेक्षा शिक्षकों की संख्या आवश्यकता से कहीं अधिक है। उदाहरणस्वरूप, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केम्प-1 मिलाई में 225 छात्रों के लिए स्वीकृत 7 पदों के विरुद्ध 17 शिक्षक कार्यरत हैं, जो कि दर्ज संख्या के मान से 10 शिक्षक अधिक हैं। इसी प्रकार नेहरू शासकीय प्राथमिक शाला दुर्ग में 113 छात्रों के लिए स्वीकृत 4 पदों की तुलना में 11 शिक्षक पदस्थ हैं, जो कि 7 शिक्षक अतिरिक्त हैं। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षकों की शीघ्र पदस्थापना की आवश्यकता जताई है, ताकि परीक्षा परिणाम में सुधार लाया जा सके और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मी पर एसपी ने की कार्रवाई, 2300 रुपए का जुमार्ना



**कोरबा अम्बिकावाणी** - जिले सहित अंचल में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कोरबा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस व थाना स्टाफ द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने अपने ही एक अधीनस्थ पर नियम उल्लंघन के चलते कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक जब शहर भ्रमण पर थे, तभी उनकी नजर टीपी नगर से सीएसईबी चौक के बीच बुलेट बाइक पर सवार एक आरक्षक पर पड़ी। उक्त बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगा था, जो अत्यधिक शोर कर रहा था। एसपी तिवारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। निदेशार्नुसार, सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र में पदस्थ उक्त आरक्षक की बुलेट जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत २३०० रुपये का जुमार्ना लगाया गया और मॉडिफाइड साइलेंसर तत्काल हटवा दिया गया। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून सबके लिए समान है। चाहे वह आम नागरिक हो या फिर पुलिस विभाग का कोई कर्मचारी–नियमों का पालन सभी को करना होगा।



## प्रदेश संगठन महामंत्री ने मंडल अध्यक्ष महामंत्री के साथ की मंत्रणा, आगामी कार्यक्रमों पर किया मार्गदर्शन



**कोरिया बैकुण्ठपुर** - भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम को लेकर विश्राम गृह बैकुण्ठपुर में मंडल अध्यक्ष-महामत्रियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए, आगामी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि थीम पर मोदी सरकार के ११ साल की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा, साथ ही मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा कर रूप रेखा तैयार किया गया।

इस अवर पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता विनोद साहु जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाडे, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मैनेजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, दीपा विश्वकर्मा, किशोर सिरदार, रामलखन यादव, राजाराम राजवाड़े, मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, रवि त्रिपाठी, रमन गुप्ता, सचिन गुप्ता, मुन्ना चक्रधारी, रिता यादव, सत्यम साहू, सचिदानंद द्विवेदी, सुरेश सिरदार, दिनेश साहू, सुशीला साहू, राकेश पैकरा मौजूद रहें।

# केंद्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारम्भ



**सरगुजा/एमसीबी**। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत शुक्रवार को भारतीय भाषा समर कैंप का उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। यह विशेष कार्यक्रम आगामी सात दिनों तक संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम के पहले दिन विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक एवं सीसीए प्रभारी श्री अनिल खेस्स एवं शिक्षिका श्रीमती प्रतिमा सिंह ने विद्यार्थियों को मराठी भाषा की बुनियादी जानकारी दी। उन्होंने संख्याओं की गिनती, अभिवादन के सामान्य शब्दों और आत्म-परिचय जैसे संवाद सिखाए। अपने संबोधन में उन्होंने भाषायी विविधता के महत्व और भाषाओं की सामाजिक व सांस्कृतिक भूमिका को रेखांकित किया। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि भाषा केवल संवाद का माध्यम ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का हिस्सा है जो हम सभी को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है।

भारतीय भाषा के इस समर कैंप में विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई।

> अगर आपको दूसरों केधन्धे में मन लगाने की आदत है तो आपका अपने धन्धे में दिवाला निकल जायेगा। 0 ब्रम्हकुमारी

संपादकीय

## दिमाग ठंडा मगर खून गर्म

*राजस्थान के बीकानेर में रैली को संबोधित करते करते हुए उन्होंने कहा कि, 'जो लोग महिलाओं के माथे से सिंदूर पोंछने निकले थे, वे धूल में मिल गए। मोदी सीना तान कर खड़ा है, मोदी का दिमाग ठंडा है मगर खून गर्म है। उन्होंने यह भी जोड़ा, अब मेरी रगों में खून नहीं, सिंदूर दौड़ रहा है।झ*

*बीकानेर पाकिस्तान से 168 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और पड़ोसी मुल्क के पंजाब के बहावलपुर जिले के बिल्कुल सामने है। इसलिए इस इलाके के बाशिंदों को सीमा पार से होने वाले हमलों या घसपैठियों का सीधा सामना करना पड़ता है। मोदी ने स्थानीय लोगों को परमाणु खतरों से भयभीत न होने के साथ ही पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर बात करने की भी चर्चा की। कहा जा सकता है कि मोदी ने दुश्मन देश के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि वह आतंकवाद को लेकर अपनी नीति में तब्दीली ला रहा है और मासूम देशवासियों के खून का बदला लेने में किसी की सलाह का इंतजार नहीं करने वाला। अब दिखावटी भभकियां देने का वक्त नहीं रहा। आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले दुश्मन मुल्क के सैन्य प्रतिष्ठानों पर आतंकवादी संगठनों से मिलीभगत रखने के आरोप पहले ही लगते रहे हैं।*

*राजनीतिक अस्थिरता, लोकतंत्र पर लगने वाली खरोंचें और आर्थिक ढुलमुलाहट ने पाक को भीतर से झकझोर रखा है। वह मित्र देशों के बलबूते ज्यादा देर तक भारतीय सुरक्षा बलों के समक्ष खड़ा नहीं रह सकता, इसका उसे अहसास हो चुका है। तमाम संदेहों के बावजूद मोदी के कट्टर विरोधियों ने भी इस हमले को लेकर एक सुर में अहम बताया और सुरक्षाबलों का हौसला बढ़ाने में कसर नहीं छोड़ी। लाजिमी है कि सत्ता की बागडोर संभालने वालों को संवैधानिक ढांचे का सम्मान रखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था पर सदन में गंभीर चर्चा भी करनी चाहिए। यह किसी शख्स की जीत या हार नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ चालू हुआ ऑपरेशन कहा जा सकता है।*

> *भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहराया कि 'ऑपरेशन सिंदूरझ ने पाक व उसके आतंकवादी संचालकों को झुकने पर मजबूर कर दिया।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा मध्यप्रदेश

0-के.के.जोशी

पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

**स्व-सहायता समूहों के माध्यम से बदली जिंदगी**

मध्यप्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व-सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन-आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है।

> *मध्यप्रदेश देश के हृदय स्थल में बसा एक ऐसा राज्य है जिसने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज पूरे देश में नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया है। स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनकी स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं।*

**बचत को प्रोत्साहित करती लाड़ली बहना योजना**

लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से महिलाओं की स्थिति बेहतर हो रही है बल्कि महिलाएं डिजिटल युग की सहभागी भी बन रही हैं। इस योजना में 1.27 करोड़ महिलाओं को अब तक 35,329 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 25 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों में बचत को प्रोत्साहित कर रही है।

**मुख्यमंत्री- लाड़ली लक्ष्मी योजना ने पेश की मिसाल**

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2024-25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि-पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं।

**हम होंगे कामयाब अभियान से मिला सम्मान**

राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता हम होंगे कामयाब अभियान चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड ? और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया।

**आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित लखपति दीदी**

मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाया है। सरकार का लक्ष्य 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रही है।

**महिला उद्यमिता को मिल रहा है प्रोत्साहन**

मध्यप्रदेश में 850 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है, जिससे महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा, रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को प्रति माह 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे उनकी मासिक आय में बढ़ोत्तरी हो रही है।

**महिला हेल्पलाइन और महिला पुलिस स्टेशन दे रहे सुरक्षा**

राज्य सरकार ने नारी सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाई गई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। महिला हेल्पलाइन और महिला पुलिस स्टेशन जैसी सेवाओं को भी मजबूत किया गया है। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अब 112 आपात सेवा से जोड़ा गया है। वर्ष 2024-25 में लगभग 82 हजार 552 महिलाओं को त्वरित सहायता मिली है। योजना के प्रारंभ से अब तक एक लाख 57 हजार महिलाओं को लाभ मिल चुका है

**देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के बढ़ते कदम**

यह मिशन प्रदेश में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर शुरू किया गया। यह मिशन महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। इस मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों को स्टार्ट-अप अभियान से जोड़ा गया, जिसमें 8 करोड़ 10 लाख रुपये के निवेश पत्र वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के लिए न केवल सशक्तिकरण के अवसर पैदा किए गए हैं, बल्कि अब महिलाएं पारंपरिक घरेलू कार्यों से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

## तंबाकू: मीठा जहर और धीमी मौत

डॉ. केशव पाण्डेय

आइये, जानते हैं, इस दिवस का महत्व, इसके पीछे की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और तंबाकू के दुष्परिणाम और इस वर्ष की खास थीम।

तंबाकू का सेवन चाहे सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला या किसी अन्य रूप में किया जाए, यह शरीर के लिए धीमा जहर है। इसके सेवन से सबसे अधिक प्रभावित होता है हमारा श्वसन तंत्र और हृदय। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल दुनियाभर में 80 लाख से ज्यादा लोगों की मौत तंबाकू जनित बीमारियों के कारण होती है। इन मौतों में से लगभग 12 लाख लोग वे होते हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते, बल्कि परोक्ष रूप से यानी पैसिव स्मोकिंग से प्रभावित होते हैं।

तंबाकू के सेवन से लाखों लोग अनेक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, इनमें फेफड़ों का कैंसर, मुँह का कैंसर, दिल का दौरा, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस, उच्च रक्तचाप हार्ट फेल्योर, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, अस्थमा, दाँत गिरना, मसूड़ों में संक्रमण, सफेद धब्बे जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। इनके अलावा गर्भवती महिलाओं में भ्रूण की वृद्धि में बाधा, समय से पहले प्रसव, नवजात की मृत्यु जैसी जानलेवा बीमारियां शामिल हैं।

> *हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक प्रयास है जो हमें चेताता है, झकझोरता है और प्रेरित करता है कि तंबाकू जैसी घातक लत से समाज को बचाया जाए। यह अवसर हमें आत्मचिंतन करने के साथ-साथ जनजागरूकता फैलाने का भी मौका देता है कि कैसे एक छोटी-सी आदत पूरे जीवन को निगल सकती है।*

भारत में भी तंबाकू एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। देश में हर साल लगभग 13 लाख लोग तंबाकू के कारण असमय काल के गाल में समा जाते हैं। यह कुल मृत्यु दर का लगभग 9.5 प्रतिशत है। इनमें से लगभग 10-12 लाख मौतें धूम्रपान से होती हैं, और शेष गुटखा, पान मसाला, हुक्का जैसे चबाने वाले तंबाकू उत्पादों से।

जबकि मध्य प्रदेश में हर साल लगभग 90 हजार से एक 1 लाख लोगों की मौत तंबाकू सेवन के कारण होती है। राज्य में पुरुषों के बीच तंबाकू सेवन की दर 40 प्रतिशत से अधिक है, जबकि महिलाएं की लगभग 10से12 प्रतिशत। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, अगर तंबाकू पर सख्ती से नियंत्रण न लगाया गया, तो आने वाले दशकों में तंबाकू से हर साल 1 करोड़ मौतें हो सकती हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत विकासशील देशों में होंगी, उनमें भारत सबसे प्रमुख है।

इस दिवस के इतिहास की बात करें तो विश्व तंबाकू निषेध दिवस की शुरूआत 1987 में हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे पहली बार 7 अप्रैल 1988 को मनाने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख बदलकर 31 मई कर दी गई। इसका उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना और सरकारों को तंबाकू नियंत्रण नीतियाँ लागू करने के लिए प्रेरित करना था। यह दिवस तंबाकू नियंत्रण नीतियों और कानूनों के समर्थन को एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। जिससे तंबाकू के सेवन को लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव हो और लोग इससे दूर हटने का प्रयास करें।

प्रति वर्ष यह दिवस एक खास थीम पर मनाया जाता है। जो विशेष रूप से किसी एक पहलू पर केंद्रित होती है- जैसे कि युवाओं को तंबाकू से बचाना, पर्यावरण पर तंबाकू का प्रभाव, या तंबाकू उद्योग की रणनीतियों को उजागर करना। साल 2025 की तंबाकू निषेध दिवस की थीम- न्दउेंपदह जीम ।चचमंसरू म्गचवेपदह प्दकनेजतल ज्बजपबे वद ज्वइंबबव ंदक छपबवजपदम च्तवकनबजेष यानी आकर्षक का पदार्फाश : तंबाकू और निकोटिन उत्पाद पर इसके उद्योग की चाल को बेनकाब करना और उसकी नीतियों को उजागर करना है। तंबाकू उद्योग जानबूझकर अपनी नीतियों और विज्ञापनों के माध्यम से किशोरों और युवाओं को निशाना बनाता है। चमकीले पैकेट, आकर्षक विज्ञापन और फिल्मों में ग्लैमराइज्ड तंबाकू सेवन दृश्य, ये सब युवा मन को भ्रमित करते हैं। एक बार यह लत लग गई, तो इससे निकलना कठिन हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि ये रणनीतियाँ तंबाकू के सेवन को आकर्षक बनाती हैं, जिससे युवाओं में इसकी शुरूआत होती है और उसे छोड ?ा मुश्किल हो जाता है। कंपनियां के इस भ्रमजाल से युवाओं बचाना है।

यह थीम और दिन हमें यह सोचने का मौका देता है कि हम अपने और आने वाली पीढि ?ों के लिए कैसी दुनिया बनाना चाहते हैं। क्योंकि तंबाकू के भी सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणाम होते हैं। तंबाकू न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी विनाशकारी है। गरीब और निम्न आय वर्ग के लोग तंबाकू सेवन के सबसे बड़े शिकार होते हैं, क्योंकि वे अक्सर जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होते हैं। जब ये लोग बीमार पड़ते हैं, तो उनकी कमाई रुक जाती है और इलाज पर भारी खर्च आता है। इससे परिवार गरीबी के दुष्चक्र में फँस जाता है।

सरकार को भी तंबाकू जनित बीमारियों के इलाज पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं, जो कि यदि तंबाकू नियंत्रण प्रभावी हो तो शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुधार में लगाए जा सकते हैं।

यह आर्थिक बोझ केवल व्यक्तिगत नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी विनाशकारी होता है।

## नारी शक्ति की प्रतीक : रानी अहिल्याबाई होलकर और छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता

भारत के इतिहास में कुछ महिलाएं ऐसी रही हैं जिनका जीवन आने वाली पीढि ?ों के लिए आदर्श बन गया। उन्हीं में से एक हैं राजमाता अहिल्याबाई होलकर, जिनकी 300वीं जयंती पर हम श्रद्धा और गर्व के साथ उन्हें स्मरण कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं उन्हें सादर नमन करती हूं और उनके आदर्शों को आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में दोहराते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की नारी सशक्तिकरण योजनाओं की चर्चा करना चाहती हूं।

**अहिल्याबाई होलकर : त्याग, सेवा और न्याय की मूर्ति**

रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। एक युवा विधवा के रूप में उन्होंने न केवल स्वयं को संभाला, बल्कि संपूर्ण मालवा राज्य को कुशलता से चलाया। वे प्रशासन, धर्म, सामाजिक समरसता और दान की मिसाल थीं।

उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, बद्रीनाथ, द्वारका जैसे स्थानों पर पुनर्निर्माण कार्य कर भारतीय संस्कृति और आस्था की रक्षा की। उनके कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि यदि नारी को अवसर और अधिकार मिले, तो वे समाज और राष्ट्र दोनों को दिशा दे सकती हैं।

**छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प : हर नारी बने समर्थ**

छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्हों पर चलते हुए नारी सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

महतारी वंदन योजना - छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत पात्र विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। अबतक लगभग 70 लाख महिलाओं को 15 किश्तो में 9788.78 करोड़ रूपए सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है।

**महिला स्वावलंबन योजनाए -**

राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से स्वरोजगार योजनाएं प्रारंभ की और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की ठोस पहल की है। इन पहलों से लाखों महिलाएं अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट, विधिक सहायता जैसे उपाय सुनिश्चित किए गए हैं ताकि हर महिला को न्याय मिले और वह भयमुक्त जीवन जी सके।

मारा लक्ष्य : सशक्त, सुरक्षित और सम्मानित नारी समाज

रानी अहिल्याबाई होलकर जी ने जिस समाज की कल्पना की थी। उसे साकार करने के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के चार स्तंभों पर कार्य करना होगा।

0 लक्ष्मी राजवाड़े

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1342

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | ■ | 12 | | | ■ | |
| | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 | ■ |
| 15 | | ■ | 16 | | 17 | | ■ |
| | ■ | 18 | | ■ | 19 | | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इंदौर नगर के इतिहास में प्रथम समाचार पत्र होने का गौरव इस अखबार को है जो कए साप्ताहिक था उसका प्रथम अंक 6 मार्च 1849 को प्रकाशित हुआ था (7)
6. कंठ, गले की नली (3)
7. जगत, संसार, दुनिया, जग (2)
9. गोद, अंक,क्रोड, बगल (3)
11. कनक, धतूरा, स्वर्ण (2)
12. आवेश, उन्माद (3)
13. यह बांग्लोदश में बूढी गंगा के तट पर देश का सबसे बड़ा शहर है (2)
15. असम के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित जंगल जाति, अनुपस्थितिती, गैर हाजिरी (2)
16. जिसके पांच मुख हो, पंचमुखी (4)
18. पक्षी, नभचारी, गगनचर (2)
19. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें कोई दो या दो अधिक बार आए और प्रत्येक बार उसके भिन्न अर्थ हो (3)
20. गज, कंजर, मतंगत (2)
21. श्रृंगार, सजावट, शोभा, श्री (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. मास, महीना, तीस दिनों का समय (2)
2. तीव्र अभिलाषित होना, उत्कंठित होना (4)
3. वाक्य का अपभ्रंश (2)
4. पश्चिमी निमाड़ का प्रसिद्ध जिला (4)
5. भास्कर, दिनपति, दिवाकर, सूरज (2)
8. सांस लेने छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
9. निर्देशक मोहनकुमार की राजेंद्र कुमार वैजयंती माला अभिनीत 1961 की एक हिट फिल्म (5)
10. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत चले वहम, संदेह (2)
11. गुजरा में द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक जो पश्चिमी तट पर प्रभाष क्षेत्र में स्थित है (4)
14. लोकमत, जनता की राय (4)
17. चक्षु, नेत्र, आंख (3)
18. पक्षधर, अनुगामी, यात्री, राहगीर (2)

**वर्ग पहेली 1341 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ल | जा | री | ला | ल | नं | दा |
| ल | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | ता |
| फा | गु | न | ■ | आ | ना | ■ | ■ |
| म | म | ■ | म | ■ | बु | झा | न |
| ■ | रा | ज | द | ■ | झा | ■ | ह |
| वा | ह | ■ | र | ■ | ना | पा | क |
| प | ■ | आ | सा | र | ■ | र | ■ |
| स | ह | ज | ■ | ■ | न | सी | म |

## एकदा


### ईडी को फटकार



तमिलनाडु की खुदरा शराब कंपनी टीएएसएमएसी के खिलाफ धनशोधन की जांच की ईडी की स्वतःस्फूर्त कार्रवाई पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ी टिप्पणी की और यहां तक कह डाला कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी सीमाएं पार कर रहा है और शासन की संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। राज्य सरकार और टीएएसएमएसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू से दो टूक कहा, प्रवर्तन निदेशालय सभी सीमाएं पार कर रहा है। धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की सख्त धाराओं के दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कई पीठ पहले भी ईडी को जमकर फटकार लगा चुकी हैं। विपक्षी दल तो ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ अक्सर विरोध जताते ही रहते हैं। पीठ ने राज्य सरकार और टीएएसएमएसी की दलीलों पर गौर करते हुए टीएएसएमएसी के खिलाफ जांच पर फिलहाल रोक लगा दी है। तमिलनाडु सरकार और टीएएसएमएसी का तर्क है कि शराब दुकानों के लाइसेंस देने में कथित अनियमितताओं को लेकर हम पहले ही आपराधिक कार्रवाई शुरू कर चुके हैं। 2014 से अब तक इस मामले में 41 प्राथमिकियां दर्ज की जा चुकी हैं और अब ईडी बीच में कूदकर टीएएसएमएसी पर ही छापेमारी कर रही है। इस पर पीठ ने फटकार लगाते हुए ईडी से तीखा सवाल किया कि आप राज्य द्वारा संचालित टीएएसएमएसी पर कैसे छापा मार सकते हैं।

## राशिफल

**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



## चौघड़िया

09 :03 से 10 :43 तक-चंचल
10 :43 से 12 :23 तक- लाभ
12 :23 से 14 .04 तक- अमृत
20 :24 से 21.44 तक- लाभ

मेष : योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

वृषभ : रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

मिथुन : किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना न पालें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर हो सकता है। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

कर्क : प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकषर्ण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों।

सिंह : नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। अच्छी अभिव्यक्ति से संबंध मधुर होंगे।

कन्या : पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

तुला : कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलें। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

वृश्चिक : असीम प्रतिभाओं बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। अतः इसे सुधारें। नैतिक-अनैतिक के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा।

धनु : दूसरों की बात इधर से उधर न करें, अन्यथा छवि धूमिल हो सकती है। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता उत्पन्न न होने दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

मकर : अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें, क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

कुंभ : आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। राजनीतिज्ञों की सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता बनायें।

मीन : कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। आपकी सारी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ा धैर्य पूर्वक वक्त का इंतजार करें। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।



# अनाज भंडारण की सस्ती तकनीक

**अनाज में नमी का प्रतिशत - किसान भाई इस बात को अच्छी तरह से जान ले कि खाद्यान्न पदार्थ में कीड़ों की प्रकोप के लिए एक निश्चित प्रतिषत में नमी होना आवश्यक है। अनाज भंडारण के समय 8-10 प्रतिशत या इससे कम नहीं कर देने पर खपरा बीटल को छोड़कर किसी भी अन्य कीट का आक्रमण नहीं होता। खपराबीटल (टोगोड़रमा ग्रेनेरियम) कीट 2 प्रतिशत नमी तक भी जिन्दा रहता है, बड़े गोदामों में नमी रोधी संयंत्र लगाना चाहिए। जिससे वर्षांत में भी नमी नहीं बढ़े।**

## गोदामों में कीड़ो की संख्या बढ़ने का कारण

हानिकारक कीटयुक्त गोदाम मे दरारो या पुराने क्षतिग्रस्त बीज मे कीड़ो की अवस्था मौजूद रहती है, खेत मे हुई कीट पकती हुई फसल के बीज पर अण्डे देती है इस प्रकार दानो के साथ भंडारण में कीड़े पहुंच जाते हैं इनमें प्रमुख हैं दालों के भ्रंग, चावल का घुन तथा अन्न का पलभ आदि। खलिहान के आसपास कूड़े करकट में छिपे हुए कीट गहाई के समय दोनों में अण्डे आदि देते हैं, जो भंडारण के समय स्वतः रेंगकर गोदाम में पहुंच जाते है, कीट की अवस्था पुराने बोरे तथा गाड़ियों पर भी मौजूद रहती है, इन सभी के अलावा भंडारण मे होने वाली गुणात्मक और मात्रात्मक क्षति बादाना छेदक, बीटल, पतंगा फफूंदी, पक्षी व नमी आदि से होती है। भारतीय गोदामो के कीट मुख्य रूप से चूहे। गोदामों मे कीड़ो की संख्या बढ़ने के मुख्य कारक निम्नानुसार है।

### उपलब्ध ऑक्सीजन

अनाज वायुरोधी भंडारगृह में रखना चाहिए। बीज को जीवित रखने के लिए केवल 1 प्रतिशत ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है तथा कीटों को भी श्वसन हेतु ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। खपराबीटल 16.8 प्रतिशत से कम ऑक्सीजन होने पर आक्रमण नहीं करता है। अर्थात भंडारण में ऑक्सीजन कम करके कीड़ों की रोकथाम की जा सकती है। ऑक्सीजन का प्रसार होने पर कीट अधिक लगते हैं।

### तापक्रम

नमी की तरह कीटों के विकास के लिए एक निश्चित तापक्रम की आवश्यकता होती है जो कीटों के अधिक विकास के लिए 28 से 32 डिग्री सेन्टीग्रेड होती है। तापक्रम के पूर्ति के लिए कुछ कीट हीट स्पाट निर्माण करते हैं, इसे रोकने के लिए भंडार गृहों में या तो वायु प्रवेष करा दें या फिर अनाज को उलट-पुलट कर दे। कीड़ो को मार कर उनकी संख्या घटा दे।

### अनाज के भंडारण पूर्व प्रबंध

अनाज के मात्रा एव गुणवत्ता को सुरक्षित करने के लिए निम्नलिखित बातो को ध्यान रखना चाहिए।

### अनाज की सफाई एवं सावधानिया

अनाज को साफकरके इतना सुखाना चाहिए कि दांत से काटने पर कट की आवाज से साथ टूट जाए अर्थात उसकी नमी 8 से 10 प्रतिशत तक हो जाए। इस प्रकार के अनाज को एक गोदाम में ही रखना चाहिए। इसके अलावा अनाज ढोने वाली गाडी की सफाई फिनायल आदि से कर दें।



### बोरों की सफाई

भंडारण यदि बोरी में करना हो तो नये बोरों का ही उपयोग करना चाहिए और यदि पुराने बोरे उपयोग करना हो तो 2 मिली मैलाथियान कीटनाशक दवा प्रति लीटर गर्म पानी के घोल में धोकर बोरों को 6 घंटे अच्छी तरह सुखा लें।

### गोदाम की सफाई

अनाज के सही रखरखाव के लिए किसान अपनी सुविधा अनुसार धातु की कोठी, कमरे या गोदाम का उपयोग कर सकते है, यदि गोदाम मे भंडारित करते है तो गोदाम पक्का, नमी रोधी तथा खिड़की जालीदार और बाहर से खुलने या बंद वाली होना चाहिए। यदि दीवाल या फर्श में छिद्र, दरार आदि हों तो बद कर देंवे। चूहे के बिल को सीमेंट मे कांच मिलाकर बद करना चाहिए तथा अच्छी तरह साफाई करें ताकि चूहे, नमी और कीड़ों से बचाव हो सके। गोदाम को कीट मुक्त करने के लिए 3 कि.ग्रा. लकड़ी का कोयला, 100 ग्राम गंधक को जलाकर प्रति घन मी. की दर से 24 घंटे तक धूमण करें तथा जिस दिन मे दरवाजे, खिड़की, रोशनदान खोल दें जिससे अनाज को हवा लग सके और नमी का असर न हो।

### अनाज भंडारण के घरेलू उपाय -

अनाज के नीचे व ऊपर नीम की पत्तियां बिछा दें। बोरों में यदि भंडारण किया जा रहा है तो अनाज मे नीम की पत्तियां मिला ले और जिन बोरियों को भंडारण में उपयोग करना है उनको मैलाथियान 50 ईसी से बोरियों को उपचारित कर लेना चाएि यह दवा सुरक्षित कीटनाशक के रूप में उपयोग की जाती है। मिट्टी की कोठी कुठिलों को अच्छी पीली मिट्टी से लीप कर सुखाकर भंडारित करना चाहिए जिससे दवा का आवागमन रूक सके। अनाज को तेज धूप (धूप माह की लू) में सुखाकर भंडारित करें तथा जब पूर्वी नमीयुक्त हवा चल रही हो तो भंडारगृह नहीं खोलें।

# दूध संबंधी रोचक बातें

प्रकृति में कुछ सस्तन प्राणी हैं मतलब जिन मादाओं को स्तन होते हैं उन्हें सस्तन प्राणी कहा जाता है। उदा. गाय, भैंस, बकरी, भेड़, बंदरिया, शेरनी, घोड़ी, कुतिया, बिल्ली यह मादाएं प्रसूत (ब्याने पर) होने पर उनके अयन में स्थित विशेष अॅलव्हीओलाय पेशियों में 24 घंटे



दूध बनता रहता हैं। यह स्त्राव (दूध) वह अपने नवजात बच्चे को पिलाती हैं। लेकिन प्रसव उपरांत शुरूआती 4-5 दिनों तक थनों से निकलने वाले चिपचिपे पदार्थ को दूध नहीं कहते। उसे खीस या चीका (अंग्रेजी में कोलोस्ट्रम) कहते हैं। इसे पिलाने से नवजात बच्चे के शरीर में रोग-प्रतिरोधी शक्ति पैदा होती है जो उसे कई संक्रमणों से बचाती हैं। अतः जन्म के पश्चात आधे घंटे के भीतर उसे खीस पिलाना निहायत जरूरी होता है। धीरे-धीरे खीस की जगह सामान्य दूध का स्त्रवण शुरू होता है जो गाय में करीब 8-10 महिनों तक शुरू रहता है। दूध पीने से बछड़े को पोषण मिलता है।





दूध में ऐसी कौनसी चीजें होती हैं जिसके कारण उसे पीने वाले बच्चे को पोषण प्राप्त होता है? गाय के दूध में करीब 88 प्रतिशत पानी होता है और शेष 12 प्रतिशत कुल ठोस पदार्थ होते हैं। इसके दो भाग होते हैं जिनमें 3.5 प्रतिशत वसा (फॅट या मलाई) होती हैं तथा 8.5 प्रतिशत वसा विरहित घन पदार्थ होते है। इसमें प्रोटीन, दुग्धशर्करा (यानि लॅक्टोज) खनिज पदार्थ तथा विटामिन्स (यानि जीवनसत्व) होते हैं।

भैंस के दूध में करीब 6 प्रतिशत वसा तथा 9 प्रतिशत वसा विरहित ठोस पदार्थ और 15 प्रतिशत कुल ठोस पदार्थ होते हैं।

दूध में उपस्थित प्रोटीन से शरीर में मौजूद स्नायुओं को ताकत मिलती हैं, शरीर में संप्रेरकों का निर्माण करने में इनकी भूमिका होती है, शरीर की घिसी हुई पेशियां का मरम्मत का कार्य इनसे चलता है।

दूध में उपस्थित लॅक्टोज (यानि दुग्ध शर्करा)से शरीर को ऊर्जा मिलती हैं। खनिजों से हड्डियां मजबूत बनती हैं, रोग प्रतिबंधक शक्ति बरकरार रहती हैं। जीवनसत्व अ बी कॉम्लेक्स, डी,ई तथा के शरीर में विभिन्न कार्य करते है। उदा.जीवन सत्व अ से आंखों का स्वास्थ्य ठीक रहता हैं दृष्टि सामान्य रहती हैं। जीवनसत्व ई तथा के प्रजनन क्षमता को बरकरार रखने में सहायक होते हैं। जीवनसत्व 'बी' काम्लेक्स गुट के राइबोफ्लेबीन शर्करा के चयापचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इससे ज्ञात होता है कि दूध पीने से स्वास्थ्य पर कई अच्छे प्रबाव होते हैं। हाल ही में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा में हुए अनुसंधान से ज्ञात हुआ है कि देशी गायों के दूध में उपस्थित होता हैं जो बहुत फायदेमंद होता हैं। भारत में ज्यादातर लोग शाकाहारी हैं। अतः उनके लिये दूध में मौजूद प्रोटीन केसीन, लॅक्टोअल्कमीन तथा लॅक्टोग्लोब्लुयीन यही अच्छे प्रोटीन के स्त्रोत हैं।

अक्सर कई लोगों के जेहन में यह प्रश्न उपस्थित होता हैं कि गाय का दूध अच्छा था भैंस का? इसका जवाब यह है कि कम शारीरिक श्रम करने वाले व्यक्ति, बैठकर ज्यादातर काम करने वाले व्यक्तियों के लिये ज्यादा ऊर्जा की जरूरत नहीं होती और गाय के दूध में वसा की मात्रा कम होती हैं अतः उससे कम उर्जा प्राप्त होती हैं। अतः उनके लिए गाय का दूध पीना अच्छा होता हैं। इसके विपरीत बहुत ज्यादा शारीरिक श्रम करने वाले व्यक्तियों की शारीरिक ऊर्जा की आवश्यकता ज्यादा होती हैं। अब भैंस के दूध में वसा तथा कुल ठोस पदार्थो की मात्रा ज्यादा होने से उससे अधिक ऊर्जा प्राप्त होती हैं। अतः ज्यादा शारीरिक परिश्रम करने वाले लोगों के लिये भैंस का दूध पीना नुकसानदेह नहीं होगा और वे उसे आसानी से पचा सकते हैं।

अब सवाल यह आता है कि बूढ़े, बीमार व्यक्ति या वे व्यक्ति जिनकी पाचनशक्ति कमजोर हैं उनके लिये कौनसा दूध अच्छा हैं? तो इसका जवाब हैं बकरी का दूध। जी हॉं, क्योंकि इसका मुख्य कारण यह हैं कि बकरी के दूध में वसा के कण अत्वंत महीन(बारीक या छोटे-छोटे) होते हैं जिसकी वजह से उसे पचाना बहुत आसान होता हैं। इसे प्राकृतिक रूप से एकजीव दूध कहा जाता है वह सही है। डेयरी से प्राप्त बोतल का पॉलीथिन थैली में मिलने वाला दूध छना हुआ, कचरायुक्त, पाश्चरीकृत तथा कई बार होमीजिनाइजड, यानी एकजीव किया हुआ होता हैं अतः उसे गर्म करने पर उसकी सतह पर मलाई की परत नहीं जमती। इस दूध की रसायनिक भौतिक तथा सूक्ष्मजीवशास्त्रीय गुणवत्ता बेहतरीन होती हैं। अर्थात् वह दूध मानवी सेवन हेतु सुरक्षित होता हैं। वहीं साफ 'दुग्ध उत्पादन तकनीकी' न अपनाने वाले ग्वाले के दूध में मलाई तो अच्छी मिलेगी लेकिन उसमें कई तरहके सूक्ष्मजीवाणु तथा रोगाणु होने की संभावना रहती हैं।

## एनएच पर धारदार तलवार लहराता युवक गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग सिद्धबाबा घाट स्थित हनुमान मंदिर के पास हाथ में धारदार हथियार लेकर लहरा रहे एवं आने-जाने वालों को परेशान कर रहे युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से धारदार हथियार जब्त किया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी एनएच-43 रोड से सिद्धबाबा मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने लगा। उसके हाथ में धारदार गुप्तीनुमा तलवार था। आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी वार्ड क्र. 3 केंद्रीय विद्यालय के पीछे रेलवे कॉलोनी मनेंद्रगढ़ निवासी 38 वर्षीय राजेंद्र महतो पिता स्व. रमेश के पास से गुप्तीनुमा देशी तलवार जब्त कर 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह संपन्न, लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन राजधर्म, लोककल्याण एवं न्याय प्रियता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण-पवन साय

**कोरिया बैकुण्ठपुर** - जिला मुख्यालय स्थित सिनेफ्लेक्स में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की ३००वीं जयंती के अवसर पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम पश्चात अतिथियों ने लोक माता अहिल्याबाई होलकर के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजली अर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू, जिला मंत्री बसंत राय, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, जगदीश साहू, कार्यक्रम संयोजक द्वय कपिल जायसवाल, शारदा गुप्ता उपस्थित रहें।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संबोधित करते हुए कहा कि, न्याय, धर्म व संस्कृति की संरक्षिका अहिल्याबाई होल्कर जी ने न केवल देश में अनेकों प्रमुख तीर्थों का जीर्णोद्धार किया बल्कि लोक कल्याण की दिशा में भी अपना अहम योगदान देते हुए नारी शक्ति के मजबूत नेतृत्व की मिसाल बनी। उन्होंने कहा कि, ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास और संस्कारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका न्यायप्रिय, सेवा-भाव और महिला सशक्तिकरण




की दिशा में किया गया कार्य आज भी प्रासंगिक है। भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, भारत के इतिहास में अहिल्याबाई होलकर जैसी महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है, उन्होंने दिखा दिया कि नेतृत्व केवल सत्ता में नहीं, सेवा और समर्पण में होता है। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की ३००वीं जयंती पर जिले स्तर पर २१ से ३१ मई तक संपन्न हुए कार्यक्रम की वृत प्रस्तुत किया, उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन हमें सिखाता है कि सेवा और निष्ठा से किया गया कार्य समाज में अमिट छाप छोड़ता है, उनके विचार आज भी जनसेवा का मूल मंत्र है। अहिल्याबाई के विचारों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री पंकज गुप्ता एवं शारदा गुप्ता ने किया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठितजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला मंत्री चुन्नी पैकरा, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाडे, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मनैजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, दीपा विश्वकर्मा, किशोर सिरदार, रामलखन यादव, राजाराम राजवाड़े, मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, रवि त्रिपाठी, रमन गुप्ता, सचिन गुप्ता, मुन्ना चक्रधारी, रिता यादव, सत्यम साहू, सचिदानंद द्विवेदी, सुरेश सिदार, दिनेश साहू, सुशीला साहू, राकेश पैकरा, सुभाष साहू, ईश्वर राजवाड़े, संगीता गुप्ता, मंजू जिवनानी, धीरेन्द्र साहू, रामप्रताप मरावी, मीरा सोनी, चन्द्रकली राजवाड़े, ललिता यादव, पुष्पा राजवाड़े, लालो बाई, रंजीत मंडल, सतेन्द्र राजवाड़े, रोशन राजवाड़े, मनोज सोनवानी, रमेश तिवारी, हरिओम साहू, संतोष राजवाड़े, राकेश गुप्ता, राजेश सोनी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### हैंडपंपों की मरम्मत से ग्रामीणों को मिली स्वच्छ जल सुविधा



बरबसपुर गांव में लंबे समय से जल संकट की समस्या बनी हुई थी, लेकिन विभाग द्वारा की गई त्वरित और समयबद्ध कार्रवाई के बाद अब ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। हैंडपंपों के पुनः संचालन से गांव में जल संकट काफी हद तक कम हुआ है। गांववासियों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया है।

**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** गर्मियों में पानी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्राम पंचायत बरबसपुर में हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य तेजी से पूरा किया है। इस पहल के तहत सभी खराब पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त कर पुनः चालू किया गया, जिससे ग्रामीणों को अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा आसानी से मिलने लगी है। विकासखंड मनेंद्रगढ़ अंतर्गत स्थित स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्य से न केवल उन्हें राहत मिली है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में अन्य ग्रामीण इलाकों में भी इसी प्रकार की मरम्मत व सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि हर गांव तक स्वच्छ जल पहुंच सके।

### शिवपुर चरचा पालिका पालिका अध्यक्ष की जनहितकारी पहल ......सब्जी बाजार में लगाए वाटर कूलर



**कोरिया चरचा** - कालरी झ नगर पालिका शिवपुर के युवा अध्यक्ष अरुण जायसवाल जनहित में निरंतर सक्रिय रहते हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने एक सराहनीय पहल करते हुए दैनिक सब्जी बाजार जहां साप्ताहिक बाजार भी लगता है इस जगह में ठंडे पेयजल की व्यवस्था कराई है। इस पहल के तहत बाजार में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों, बाहर से आने वाले ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं। इस व्यवस्था से भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल रही है। खासकर दैनिक सब्जी बाजार के व्यापारियों ने इस जनसेवी कार्य की सराहना करते हुए पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल के प्रति आभार प्रकट किया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी गर्मी के मौसम में स्थानी नागरिकों की जरूरत को देखते हुए अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने अपने निजी संसाधनों से नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में निःशुल्क पेयजल वितरण की व्यवस्था की थी इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों की योजना बनाई जा रही है, जो अब तक शिवपुर क्षेत्र में कभी नहीं हुए। इन योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष रूप से स्थानीय नागरिकों को मिलेगा ,नगर पालिका अध्यक्ष की इस पहल ने न केवल गर्मी में राहत दी है, बल्कि एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है कि जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील होकर कैसे आम जनता की सेवा कर सकते हैं। सब्जी बाजार में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा..... पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने अपने अल्प समय के कार्यकाल में छोटे व्यवसायों के लिए बेहतर प्रयास किए हैं दैनिक सब्जी बाजार साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में आने वाले व्यापारियों, ग्रामीणों को शौचालय की सुविधा नहीं मिलती थी किंतु इन समस्याओं के समाधान के तहत पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल में सार्वजनिक शौचालय प्रारंभ हुआ शौचालय प्रारंभ होने से सबसे ज्यादा सुविधा बाजार में आने वाली महिलाओं को हुई जिनका पहले मजबूरी में खुले में जाना पड़ता था इससे उन्हें काफी शर्मिंदगी भी महसूस होती थी किंतु इन सब बातों का संज्ञान लेकर पालिका अध्यक्ष ने सराहनीय पहल करते हुए शौचालय प्रारंभ कराया देखना यह है कि वर्ष २०२५ में पालिका अध्यक्ष के द्वारा और कौन से कार्य कराए जाते हैं.

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को भेंट की गई जैविक 'सोन हनी' और 'कोरिया मोदक' लड्डू

### कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने दी स्थानीय पहल की जानकारी

**कोरिया बैकुंठपुर** - कोरिया जिले में जैविक शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की जा रही है।

इसी क्रम में गत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले में उत्पादित 'सोन हनी' (शहद) की बॉटल के साथ स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गई 'कोरिया मोदक' लड्डू



और 'कोरिया आचार' भी भेंट की। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल को कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जानकारी दी कि यह 'सोन हनी' स्थानीय किसानों द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बैकुण्ठपुर के तकनीकी सहयोग से तैयार किया जा रहा है। जिले का पर्यावरण जैविक शहद उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल है और यहाँ के किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को आय के नए साधन उपलब्ध कराना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

कलेक्टर ने यह भी बताया कि मधुमक्खी पालन न केवल ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवा रहा है, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक जैविक उत्पादों की उपलब्धता को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने यह विश्वास जताया कि च्सोनहनी' (शहद) आने वाले समय में जिले की एक विशिष्ट पहचान बनेगा।

कलेक्टर श्रीमती ने यह भी जानकारी साझा की कि स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक 'कोरिया मोदक' लड्डू तैयार की जा रही है और आंगनबाड़ी केंद्रों व पोषण संगवारी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को नियमित वितरण किया जा रहा है ताकि गर्भ में पल रहे नवजात को भरपूर प्रोटीन, आयरन मिल सके और जन्म के समय शिशु का वजन दो से ढाई किलो हो सके। इस अवसर पर भरतपुर- सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह को भी च्सोनहनी (शहद)ज बॉटल, कोरिया मोदक लड्डू व कोरिया आचार भेंट की गई।

# सुशासन तिहार - अंतिम पड़ाव में माड़ीसरई में 965 लोगों की समस्याओं का समाधान




**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के विकासखंड भरतपुर के ग्राम माड़ीसरई में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय अंतिम पड़ाव शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैशी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभी विभागों से प्राप्त कुल 1040 आवेदनों में से 965 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 75 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। शिविर में बड़वाही, मेंहदौली, बेला, उदकी, माड़ीसरई, हरचैका, चिड़ौला, कर्री, तथा पूंजी के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे किया जा रहा है और आप इनका लाभ कैसे ले सकते हैं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण और घरेलू नल कनेक्शन की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से पानी बचाओ की शपथ ली और जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें जनपद पंचायत द्वारा पूजा वर्मा, अनामिका यादव, कमला सिंह, कुमारी प्रियंका, मालती देवी बैगा, कल्पना तिवारी, मंगली, विमला अहिरवार, शिवाली सिंह, सीता सिंह एवं पुष्पा को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गये।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर आधिकारिक जानकारी साझा करने पर रोक लगाया कोल इंडिया ने

### विभागीय गोपनीय पत्र हो रहा वायरल....

**कोरिया चर्चा कालरी।** कोल इंडिया के कंपनी सचिव के द्वारा जारी एक पत्र इन दिनों सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है जिसमें सोशल मीडिया में विभागीय दस्तावेज, बैठक, कार्य की जानकारी न डालने हेतु निर्देशित किया गया है पत्र में उल्लेखित है कि सीआईएल प्रबंधन के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ कर्मचारी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर बोर्ड, बैठक आदि से संबंधित आधिकारिक जानकारी और दस्तावेज साझा कर रहे हैं। यह प्रथा गोपनीयता के उल्लंघन के साथ-साथ सभी कर्मचारियों से अपेक्षित व्यावसायिक आचार संहिता के भी खिलाफ है इसलिए, सभी कर्मचारियों को यह सख्त निर्देश दिया जाता है कि वे किसी भी प्रकार की गोपनीय या संवेदनशील आधिकारिक जानकारी या दस्तावेजों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे कि फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, टेलीग्राम या किसी अन्य डिजिटल माध्यम पर पोस्ट, साझा, टिप्पणी या किसी भी रूप में प्रसारित न करें। पत्र में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं का सख्ती से पालन किया जाना आवश्यक है जैसे कोई भी जानकारी जिसे गोपनीय या आंतरिक के रूप में चिन्हित किया गया है, जैसे कि अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी, बोर्ड/बोर्ड स्तरीय समितियों की कार्यसूची एवं कार्यवृत्त (मसौदा/ अंतिम/अंश) आदि – इन्हें किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से अनुमति न दी गई हो। गोपनीयता संबंधी दायित्वों का उल्लंघन स्थिति की गंभीरता के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण बन सकता है। सभी कर्मचारियों को उचित विवेक और सावधानी बरतनी चाहिए तथा संगठन की नैतिकता, प्रतिष्ठा और परिचालन सुरक्षा को सदैव बनाए रखना चाहिए। सीआईएल तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस विषय में अपनी टीमों को जागरूक करें और सुनिश्चित करें कि इसका सख्ती से पालन हो।

## जिला स्तरीय संविदा पद की नियुक्ति हेतु दावा-आपत्ति आज

**मनेन्द्रगढ़।** घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 का क्रियान्वयन के लिए संचालित नवा बिहान योजना अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ जिले में रिक्त पदों पर पदपूर्ति जिला स्तरीय पदों पर महिला संरक्षण अधिकारी की संविदा भर्ती के संबंध में जारी विज्ञापन के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप जिला स्तरीय महिला संरक्षण अधिकरी 1 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा कर तत्संबंध में अंतिम तिथि 2 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।

## चोरों ने पार की अधिवक्ता की बाइक

**मनेन्द्रगढ़।** झगराखंड थानांतर्गत ग्राम तेंदूडांड में एक अधिवक्ता की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा केस दर्ज कर चोरी गई बाइक की पतासाजी की जा रही है। झगराखंड वार्ड क्र. 6 राजा बंगला में निवासरत अधिवक्ता राकेश यादव ने पुलिस में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 मई को ग्राम तेंदूडांड में टेलर के घर में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बाइक हीरो स्पलेंडर प्रो क्रमांक सीजी16सीई3519 को टेलर के घर के सामने खड़ा किया था। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात्रि करीब पौने 1 बजे बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी।

## जिले में वृद्धजनों को समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं संचालित

### 17 से 31 मई तक विशेष सेवा सप्ताह के दौरान बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और जन-जागरूकता शिविरों का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर** - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि जिले में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सम्मान को केंद्र में रखते हुए १७ मई से ३१ मई २०२५ तक वृद्धजन स्वास्थ्य सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुजुर्गों के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं।

**घर-घर जाकर की गई बुजुर्गो की सेवा** - स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर सर्वे कार्य करते हुए विशेष रूप से पैरालिसिस से पीड़ित, बिस्तर पर पड़े एवं विकलांग वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इस अभियान में विशेष रूप से बुजुर्गों की बीपी, शुगर, दृष्टिदोष, फिजियोथैरेपी और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उन्हें तत्काल परामर्श व इलाज



उपलब्ध कराया गया। इस सेवा सप्ताह के दौरान जिले भर में जन-जागरूकता शिविर लगाए गए, जिनमें बुजुर्गों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल एवं पुनर्वास सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मानसिक तनाव, अकेलापन और डिप्रेशन जैसी समस्याओं पर भी विशेष फोकस करते हुए काउंसलिंग सत्रों का आयोजन किया गया।

**यलो कार्ड, आयुष्मान कार्ड और वय वंदना योजना का लाभ** - ६० वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को शिविरों के माध्यम से विशेष ओपीडी यलो कार्ड जारी किए गए। साथ ही उन्हें आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड और वय वंदना योजना से जोड़ते हुए उन्हें आगे स्वास्थ्य सेवाओं के सतत लाभ हेतु पंजीकृत किया गया।

## Sports Live

### फिट इंडिया, फिट जशपुर के तहत विश्व सायकल दिवस पर निकाली गई सायकल रैली

**जशपुर, 01 जून (ए)।** विश्व सायकल दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया, फिट जशपुर थीम के तहत रविवार प्रातः 7 बजे जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सायकल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली हॉकी स्टेडियम, जशपुर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुरानी टोली और महाराजा चौक होते हुए पुनः हॉकी स्टेडियम में समाप्त हुई। इस सायकल रैली का शुभारंभ कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा किया गया, जिन्होंने स्वयं सायकल चलाकर उपस्थित जनसमूह को प्रतिदिन सायकल चलाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत भी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पहले के समय में सायकल आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा थी, लेकिन अब मोटर वाहन चलन में आने से लोग शारीरिक रूप से निष्क्रिय होते जा रहे हैं।

उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में सायकल चलाना अवश्य शामिल करें।



# जय शाह के ट्रॉफी फोटोशूट के बाद पीएसजी की ऐतिहासिक जीत

## 0-पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन



**म्यूनिख,01 जून।** फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार 31 मई को म्यूनिख में इतिहास रच दिया. उन्होंने इटली के फुटबॉल क्लब इंटर मिलान को 5-0 से हराकर अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब जीत लिया. यह केवल दूसरी बार था जब एक फ्रांसीसी क्लब ने यूरोपीय कप उठाया हो.

पीएसजी की ये जीत रिकॉर्ड तोड़ अंदाज में हुई, क्योंकि चैंपियंस लीग फाइनल के इतिहास में ये सबसे बड़ी जीत थी. किसी भी टीम ने इससे पहले चार गोल से अधिक के अंतर से यूरोपीय कप फाइनल नहीं जीता था.

पीएसजी की ओर से 19 वर्षीय सनसनी डिजायर डू के दो गोल, अशरफ हकीमी, खविचा क्वारत्सखेलिया और सेनी मायुलु ने एक एक गोल करके अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी.

अशरफ हकीमी ने 12वें मिनट में अपने पूर्व क्लब इंटर मिलान के खिलाफ गोल करके शुरूआत की, लेकिन उन्होंने सम्मान दिखाने के लिए अपने पुराने क्लब के खिलाफ जश्न नहीं मनाने का फैसला किया.

इसके ठीक सात मिनट बाद 19 वर्षीय डिजायर डू ने गोल अपना पहला गोल किया और फिर दूसरे हाफ के बीच में एक और गोल करके बढ़त को दोगुनी कर दिया. इस उपलब्धि ने उन्हें 1962 में बेनफिका के यूसेबियो के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में दो बार गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बना दिया.

ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने 73वें मिनट में एक शानदार जवाबी हमले के बाद चौथा गोल किया, और फिर सेनी मायुलु ने चार मिनट शेष रहते पांचवां गोल करके जीत पक्की कर दी.

पहली बार ट्रॉफी उठाने के बाद पीएसजी के मिडफील्डर विटिना ने कहा, यह सब कुछ मायने रखता है ! प्रशंसक ही मुख्य कारण हैं कि हम यह ट्रॉफी जीतना चाहते थे. यह हमारा सपना है, यह हर किसी का सपना है. टीम बहुत अच्छी है,और ये परिणाम उसी टीम का नतीजा है, कोई जादू से ये ट्रॉफी नहीं मिली है,

पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा,पहले दिन से ही मैंने कहा कि मैं ये महत्वपूर्ण ट्रॉफी जीतना चाहता हूं, और पीएसजी ने कभी चैंपियंस लीग नहीं जीती. हमने पहली बार ऐसा किया, कई लोगों को खुश करना एक शानदार एहसास है,

पिछले साल दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने के बाद से ही जय शाह क्रिकेट के लिए नए बाजार खोलने और विस्तार करने के लिए दौरे कर रहे हैं. आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन के तौर पर कार्यभार संभालने के तुरंत बाद जय शाह ने 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक और पैरालंपिक आयोजन समितियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और जनवरी 2025 में आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक से भी मुलाकात की.

अब उन्होंने 30 मई 2025 को चैंपियन लीग 2025 के फाइनल से पहले म्यूनिख में यूएफा के अध्यक्ष एलेक्जेंडर सेफरीन से मुलाकात की और ट्राफी के साथ फोटोशूट भी कराया. अपने एक्स अकाउंट पर शाह ने लिखा, चैंपियन लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करके और यूएफा के अध्यक्ष एलेक्जेंडर सेफरीन के साथ चर्चा करके सम्मानित महसूस किया. अन्य खेल के लीडरों के साथ समय बिताना हमेशा मूल्यवान होता है, क्योंकि आईसीसी हमारे खेल की वैश्विक पहुंच का विस्तार कर रहा है.

## छोटी खबरें

### आईपीएल क्वालीफायर-2 में आज मुंबई का पंजाब से मुकाबला

#### 0-सेमीफाइनल जैसे मैच से पहले पिच रिपोर्ट, मौसम और संभावित प्लेइंग-11 के बारे में जाने सब कुछ

**अहमदाबाद,01 जून।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के दूसरे क्वालीफायर मैच आज यानी 1 जून को मुंबई इंडियंस का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा. ये मैच शाम 7:30 से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच को जीतने वाली टीम 3 जून को आरसीबी से फाइनल में भिड़ेगी.

मुंबई के हौसले बुलंद होंगे क्योंकि उन्होंने एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस जैसी मजबूत टीम को हराकर इस मैच में प्रवेश किया है, जबकि पंजाब वापसी करना चाहेगी क्योंकि उन्हें क्वालीफायर-1 में आरसीबी से हार का सामना करना पड़ा था.

पंजाब किंग्स यकीनन इस सीजन में दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक रही है, लेकिन उनका सामना एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी से है जो अपने सबसे खतरनाक रूप में है. मुंबई इंडियंस ने इस सीजन के शुरू में अपने पांच में से पहले चार मैच हारने के बाद, टूनार्मेंट के दूसरे हाफ में शानदार टीम प्रदर्शन की बदौलत आज फाइनल में पहुंचने से महज एक कदम दूर है. रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली एमआई की बल्लेबाजी ने शानदार प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है. यहां तक कि तिलक वर्मा, जो इस सीजन में काफी हद तक खराब फॉर्म में हैं, ने भी अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है. बुमराह की अगुआई में गेंदबाजी शानदार तरीके से चल रही है. यहां तक कि उनके नए विदेशी खिलाड़ी जॉनी बेयरस्टो और रिचर्ड ग्लीसन-जो कि मूल रूप से अस्थायी प्रतिस्थापन हैं-भी पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन करके सबको हैरान कर दिया. मुंबई इंडियंस के लिए बुरी खबर ये है कि जिस मैदान पर आज का मैच खेलना है वो उनको सूट नहीं करता, इसलिए वो अब तक इस मैदान पर लगातार पांच मैच हार चुके हैं, उन्होंने यहां छह मैचों में से केवल एक मैच जीता है. वहीं पंजाब के लिए शायद राहत की बात ये है कि वे नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेल रहे हैं, जहां से टीम का शानदार प्रदर्शन शुरू हुआ था. इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में, किंग्स ने 5 विकेट पर 243 रन बनाए और गुजरात टाइटन्स को 11 रनों से हराकर अपने सीजन की शानदार शुरूआत की. जिसको वो एक बार फिर से दोहराना चाहेंगे. पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम सितारे और अनुभवी खिलाडि?ों से भरी पड़ी है. उनकी टीम में रोहित शर्मा, जॉनी बेयरस्टो , सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), मिशेल सेंटनर, ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह जैसे बड़े खिलाड़ी शामिल हैं, जो कि अपने दम पर मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं. वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम में ज्यादातर युवा खिलाड़ी हैं, और उन्होंने अपने बारह खिलाडि?ों में छह अनकैप्ड भारतीयों को शामिल किया है. जिसमें प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, नेहल वढेरा, शशांक सिंह, विजयकुमार वैश्य और हरप्रीत बराड़ के नाम शामिल हैं. इस लिए पोंटिंग और अय्यर को मुंबई इंडियंस से मुकाबला करने के लिए एक रणनीति तैयार करनी होगी, एक ऐसी टीम जो किसी भी परिदृश्य और स्थिति को संभालने के लिए तैयार दिखती है. किंग्स ने निश्चित रूप से इस सीजन में निडर क्रिकेट खेला है, यहां तक कि उन्होंने एक बार एमआई को हराया भी है, लेकिन क्वालीफायर 2, जो वास्तव में सेमीफाइनल है, एक पूरी तरह से अलग चुनौती पेश करता है. ऐसे बड़े मैच में अनुभव का बहुत महत्व होता है.

दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो अब तक खेले गए 32 मुकाबले में मुंबई ने 17 बार बाजी मारी है जबकि पंजाब के 15 मैच में जीत मिली है. क्वालीफायर-2 की बात करें तो में एमआई का रिकॉर्ड 2-2 है जबकि पंजाब इससे पहले केवल एक बार - 2014 में क्वालीफायर-2 में शामिल हुआ था, जहां उन्होंने चेन्नई को 24 रनों से हराया था. किसी भी टीम में चोट की कोई चिंता नहीं है. मुंबई दीपक चाहर और सूर्यकुमार यादव की मांसपेशियों में खिंचाव लग रहा था, लेकिन बताया जा रहा है कि वह पंजाब के खेल के लिए पूरी तरह से फिट हैं. वहीं पंजाब किंग्स के लिए युजवेंद्र चहल के बारे में कोई खबर नहीं है, जो पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे. इसका मतलब है कि मुंबई के खिलाफ होने वाले मुकाबले में उनके उपलब्ध नहीं होने की संभावना है.

# कोहली का मिल गया रिप्लेसमेंट, दोहरा शतक जड़कर चयन को बताया सही



**नईदिल्ली ,01 जून।** करुण नायर ने शनिवार, 31 मई को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के मैच में शानदार दोहरा शतक लगाया. सेंट लॉरेंस ग्राउंड, कैंटरबरी में खड़े होकर दर्शकों ने उनकी हौसला अफजाई के लिए तालियां बजाई. करुण की धमाकेदार पारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया और टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए अपने चयन को सही साबित कर दिया.

करुण ने इंग्लैंड के कैंटरबरी में खेले जा रहे पहले अनऑफिशियली टेस्ट मैच में भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे दिन शानदार डबल शतक जड़ा. उन्होंने 281 गेंदों पर 204 रनों की पारी खेली, जिसमें 26 चौके और एक छक्का शामिल है. इस दोहरे शतक के सथा करुण नायर ने 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे इंग्लैंड के पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में अपने चयन को मजबूत किया है.

बता दें कि यह इंडिया ए के लिए उनका पहला 200 से अधिक का स्कोर है लेकिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका चौथा दोहरा शतक है. नायर का ये शानदार प्रदर्शन उनके तीसरे नंबर पर आने के बाद आया है. जिससे अब भारत को नंबर थ्री पर बल्लेबाजी का एक बढ़िया ऑप्शन मिल गया है. क्योंकि कोहली रोहित के जाने के बाद टीम बल्लेबाजी की रैंकिंग को लेकर सस्पेंस अभी भी बना हुआ है. करुण नायर के अलावा ध्रुव जुरेल और टेस्ट स्क्वाड से बाहर सरफराज खान ने भी शानदार पारी खेली है. सरफराज ने 119 गेंदों पर 92 रन बनाए जबकि जुरेल ने 120 गेंदों में 120 गेंदों में 94 रनों की पारी खेली. इन तीनों की धमाकेदार बल्लेबाजी की वजह से इंडिया ए ने दूसरे दिन लंच तक 119 ओवर में 7 विकेट खोकर 533 रन बना लिए है. दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक लगाने वाले नायर ने सरफराज खान के साथ 181 रनों की साझेदारी की. उन्होंने उप-कप्तान ध्रुव जुरेल के साथ भी 195 की साझेदारी की. स्टार स्पोर्ट्स ने एक्स पर करुण का विडियो शेयर करके लिखा, हर किसी को दूसरा मौका नहीं मिलता! लेकिन जब आपको मौका मिले, तो उसका पूरा फायदा उठाएं! बिल्कुल करुण नायर की तरह !अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे, अंशुल कंबोज, हर्षित

# एलपीजी की कीमतों में हुआ बदलाव, सिलेंडर 24 रुपये हुआ सस्ता



**नई दिल्ली ,01 जून।** जून की शुरूआत के साथ ही आम जनता और व्यापारियों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है। तेल विपणन कंपनियों ने 1 जून से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 24 की कटौती की है। अब दिल्ली में 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर घटकर 1723.50 रुपये का हो गया है, जो 1747.50 रुपये का मिल रहा था। इसके अलावा कोलकाता में ये 1826 रुपये का, मुंबई में 1674.50 रुपये का और चेन्नई में घटकर 1881 रुपये का हो गया है।

तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं, जो वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों, टैक्स नीतियों और मांग-आपूर्ति जैसे बाजार कारकों पर निर्भर करता है। इस बार की कटौती का फायदा सीधे तौर पर होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगा, जहां बड़े पैमाने पर एलपीजी की खपत होती है। सिलेंडर की कीमतों में इस कटौती से इन व्यापारियों की परिचालन लागत कुछ हद तक कम होगी, जिससे उन्हें वित्तीय राहत मिलेगी। इसका अप्रत्यक्ष फायदा आम उपभोक्ताओं को भी मिल सकता है, क्योंकि लागत में कमी का असर सेवाओं और खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है।

## --------------------------- व्यापार/फिल्म ---------------------------

# धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के मास्टर प्लान से बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ लोगों को मिलेगा उच्च स्तरीय जीवन

**नई दिल्ली ,01 जून।** धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट (डीआरपी) धारावीकरों के जीवन और रहने-काम करने की स्थितियों को बदलने का एक अनूठा अवसर है, जिसका लक्ष्य बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता का जीवन स्तर प्रदान करना है।

प्रस्तावित मास्टर प्लान धारावीकरों के लिए एक विश्व स्तरीय जिला बनाने और मुंबई के लिए एक नए दिल की कल्पना करने का एक प्रयास है।

धारावी मास्टर प्लान तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों की नींव पर बनाया गया है, जिसमें रीडेवलपमेंट के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ाना, मजबूत इकोसिस्टम और इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना और एक समतापूर्ण धारावी को बढ़ावा देना शामिल है।

धारावी मास्टर प्लान में ग्रीन और पब्लिक स्पेस का एक अच्छा मिश्रण है, जिसमें बड़े सिटी पार्क से लेकर छोटे कम्युनिटी प्ले ग्राउंड भी शामिल हैं। इससे लोगों को वॉकिंग के लिए खुली जगह मिलेगी और इससे जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

धारावी के केंद्र में एक बड़े सक्रिय सार्वजनिक खुले स्थान की योजना बनाई गई है, जो न केवल निवासियों की मनोरंजन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि संपूर्ण मुंबई शहर की भी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, जहां धारावी और मुंबई निवासी उत्सवों और त्योहारों के लिए एक साथ आ सकेंगे।

धारावी का एक उच्च ट्रांजिट सिस्टम भी होगा, जिसमें निर्बाध मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी होगी। साथ ही इसके केंद्र से होकर एक नया मेट्रो कॉरिडोर भी गुजरेगा। बस फीडर सिस्टम, गैर-मोटर चालित परिवहन के लिए समर्पित इन्फ्रास्ट्रक्चर और एक बढि?ा स्ट्रीट नेटवर्क लास्ट माइल की कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और सभी इलाकों में पैदल चलने की सुविधा को बढ़ावा देगा।

धारावी के मध्य में एक मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब (एमएमटीएच) की योजना बनाई गई है, जिसमें पहली बार ऐसी सुविधा होगी, जहां एक ही स्थान पर सिटी बस और अन्य शहरी परिवहन के अलावा इंटर-सिटी, इंट्रा-सिटी, उपनगरीय, मेट्रो, हाई-स्पीड और एयरपोर्ट एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी।

इसके अतिरिक्त धारावी और एमएमआर के अन्य स्थानों पर अत्याधुनिक अस्पताल नेटवर्क स्थापित किए जाएंगे। साथ ही धारावी में पॉलीक्लिनिक, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और डायग्नोस्टिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे मध्य मुंबई में चिकित्सा संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी। धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में प्रस्तावित वाटरफ्रंट विकास और धारावी सैरगाह के तहत नदी के किनारे तक पहुंच बनाने के लिए एक रेखीय खुली जगह की योजना बनाई गई है। सैरगाह लोगों के लिए एक ऐसी जगह होगी, जहां वे आकर मीठी नदी के किनारे सैर का आनंद ले सकेंगे और उत्तर की ओर मैंग्रोव वन को देख सकेंगे।

यह युवा और वृद्ध सभी के लिए एक हैंगआउट स्थान के रूप में काम करेगा और लोगों को एक साथ आने, बातचीत करने और सामाजिककरण करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह संभवतः क्वीन्स नेकलेस (मरीन ड्राइव) के बाद शहर का सबसे लंबा वाटरफ्रंट होगा। प्रस्तावित सड़क नेटवर्क में मौजूदा विकास योजना (डीपी) सड़कों को चौड़ा करना और लगभग 21 किलोमीटर लंबी सड़क का नया नेटवर्क शामिल है। प्रस्तावित सड़क नेटवर्क में 9 मीटर, 12 मीटर, 15 मीटर, 18 मीटर, 21 मीटर, 24 मीटर, 27 मीटर और 36 मीटर की अलग-अलग राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) चौड़ाई है, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट उद्देश्य को पूरा करती है। विभिन्न समुदायों के लिए विश्व स्तरीय मानकों वाले प्रतिष्ठित धार्मिक परिसरों को बनाया जा रहा है, जिससे धारावी के सभी निवासियों को अपने निवास स्थान के निकट अपने धार्मिक परिसर तक आसानी से पहुंच मिल सके।

## केंद्र ने इंडिगो को टर्किश एयरलाइंस के साथ विमान लीज समझौता खत्म करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली ,01 जून।** पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए तुर्की को कड़ा संदेश देते हुए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइन को टर्किश एयरलाइंस के साथ अपने विमान लीज समझौते को तीन महीने के भीतर खत्म करने का निर्देश दिया। इंडिगो ने टर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे हैं, जिसके लिए उसे 31 मई तक की अनुमति थी। कंपनी ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से इस अनुमति को छह महीने तक बढ़ाने की मांग की थी। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, मंत्रालय ने अब इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि उड़ान में तत्काल व्यवधान के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचने के लिए इंडिगो को 31 अगस्त तक तीन महीने का विस्तार दिया गया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

इंडिगो को इन किराए के विमानों के लिए 31 अगस्त 2025 तक तीन महीने की आखिरी और अंतिम विस्तार अवधि दी गई है। यह अनुमति एयरलाइन के इस वादे के आधार पर दी गई है कि वह इस अवधि में टर्किश एयरलाइंस के साथ किराए का समझौता खत्म कर देगी

# भारत में आएगी ये किफायती इलेक्ट्रिक कार

**नई दिल्ली ,01 जून।** भारत में इस साल कई नई इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च होने की तैयारी में हैं। कंपनियों का अब किफायती इलेक्ट्रिक वाहनों पर भी ध्यान केंद्रित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रेनो इंडिया जल्द ही भारतीय बाजार में एक सस्ती इलेक्ट्रिक कार लॉन्च कर सकती है, जो कि ्य2द्वस्त्र का इलेक्ट्रिक वर्जन हो सकती है।

हाल ही में स्टिंग के दौरान देखा गया है। लॉन्च होने के बाद यह कार टाटा टियागो और जैसी किफायती इलेक्ट्रिक कारों को टक्कर देगी। उम्मीद है कि भारतीय बाजार में सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार भी साबित हो सकती है। हालांकि, रेनो ने अभी तक के स्पेसिफिकेशन्स का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह इस साल के अंत तक लॉन्च हो जाएगी।

यह पहली बार नहीं है जब को टेस्टिंग के दौरान स्पॉट किया गया है, लेकिन नई रिपोर्ट्स में इसके डिजाइन से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। इस महीने की शुरूआत में श्वङ्क की पूरी स्पाई इमेज सामने आई थी, और अब इसके रियर डिजाइन के बारे में पता चला है। इसमें ङ्ख-आकार के टेल लैंप के साथ एक साफ-सुथरा रियर डिजाइन दिया गया है। स्पॉट की गई एंट्री-लेवल वैरिएंट हो सकती है, क्योंकि इसमें स्टील के



व्हील्स देखे गए हैं।

कई आधुनिक फीचर्स शामिल किए जा सकते हैं, जिनमें 10.1 इंच का इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन, 7 इंच का पूरी तरह से डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, हाइट-एडजस्टेबल स्टीयरिंग व्हील और ई-शिफ्ट गियर लीवर शामिल हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें वायरलेस स्मार्टफोन मिररिंग की सुविधा भी मिल सकती है, जो एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले दोनों को सपोर्ट करेगी। इस कार में व्हीकल-टू-लोड फंक्शन भी दिया गया है, जिससे अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्ज किया जा सकेगा। ्य2द्वस्त्र श्वङ्क में दो स्क्र चार्जिंग पोर्ट और 308 लीटर का बूट स्पेस मिलेगा। एक्सेसरी के तौर पर इसमें वैकल्पिक 35 लीटर का फ्रंट ट्रंक (फ्रंक) भी उपलब्ध हो सकता है, जिससे स्टोरेज क्षमता और बढ़ जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध की तरह, 26.8 की बैटरी दी जा सकती है। उम्मीद है कि यह भी दो वेरिएंट में आएगीः इलेक्ट्रिक 45 और इलेक्ट्रिक 65। इलेक्ट्रिक 45 मॉडल 19.1 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है और इसकी अधिकतम गति 78 किमी प्रति घंटा है। वहीं, टॉप मॉडल इलेक्ट्रिक 65 केवल 13.7 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है और इसकी टॉप स्पीड भी 78 किमी प्रति घंटा है। दोनों ही श्वङ्क वेरिएंट एक बार चार्ज करने पर लगभग 225 किलोमीटर की रेंज दे सकते हैं।

## शराब घोटाला मामले में विजय भाटिया दिल्ली से गिरफ्तार, जेल गए एक दिन के लिए जेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने शराब कारोबारी विजय भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया रविवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ईओडब्ल्यू ने 14 दिन की रिमांड मांगी लेकिन जज ने उसे एक दिन के लिए जेल में रहने के आदेश दिए क्योंकि स्पेशल कोर्ट में पावर नहीं होने की वजह से एक दिन के लिए जेल भेजा गया। सोमवार को फिर भाटिया को कोर्ट में पेश कर ईओडब्ल्यू पूछताछ के लिए रिमांड मांगेगी। इसके पूर्व ईओडब्ल्यू की टीम ने दुर्ग-भिलाई में भाटिया के 6 ज्यादा ठिकानों पर छापा मारा है, कार्रवाई चल रही है। बता दें गिरफ्तारी से बचने भाटिया काफी अरसे से फरार थे।



### न्यूज गैलरी

## पत्रकारिता विवि में हॉस्टल छात्र-छात्राओं के बीच बवाल



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में देर रात जमकर बवाल हुआ है। यहां छात्राओं ने हॉस्टल में रहने वाले छात्रों पर गाली-गलौच करने और अश्लील कमेंट्स करने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद छात्राओं में आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल है। दोनों ही हॉस्टल में छात्र और छात्राएं रहती है। बीती रात छात्रावास में रहने वाले छात्र छात्राओं को गालियां देने लगे और अश्लील कमेंट्स करने लगे। इतना ही छात्राओं का आरोप है कि, छात्रों ने खिड़कियों से झांककर गंदे और अश्लील इशारे भी किए। इस मामले में छात्राओं ने बताया कि, ऐसी घटना पहली बार नहीं हो रही है। छात्र पहले भी ऐसी हरकत कर चुके हैं और उन्होंने इस बात की शिकायत विश्वविद्यालय में की थी। छात्राओं ने आगे कहा कि, हमने कई बार इस बात की शिकायत की है, लेकिन छात्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इतना ही नहीं छात्राओं ने बताया कि, बवाल खत्म होने के कई घंटो बाद हॉस्टल की केयर टेकर मौके पर पहुंची थी। फिलहाल छात्राओं ने इस पूरे मामले की शिकायत की है। वहीं विवि प्रशासन से पक्ष लेने का प्रयास किया गया पर संपर्क नहीं हो पाया। अभी उनकी ओर से मामले पर कोई अधिकृतबयान नहीं आया है।

## हेरोइन बेचते 2 तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** रायपुर में नशीला पदार्थ हेरोइन बेचते दो तस्कर गिरफ्तार हुए हैं। आरोपी नशीले सामान बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे, इस बात की भनक पुलिस को लग गई। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 1.49 लाख का माल जब्त किया गया है। पुलिस ने नारकोटिक्स मामले में आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## तिल्दा के अब्रसिव प्लांट में करंट से मजदूर की मौत, मुआवजे को लेकर हंगामा



**रायपुर।** रायपुर जिले के तिल्दा-नेवरा के पास ग्राम पंचायत छपोरा भींभौरी स्थित गुरुदेव अब्रसिव प्लांट में मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना प्लांट में 31 मई को मोटर की मरम्मत करते समय हुई थी। 23 साल के हर्ष यादव ने मौके पर दम तोड़ दिया था। मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया, पुलिस के साथ झूमाझटकी होने पर कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया। प्रशासन घटना की सूक्ष्मता से पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

## पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से 7 कर्मियों की विदाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी डंगनिया मुख्यालय के भारप्रेषण कक्ष में 7 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पश्चात विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने सेवानिवृत्तजनों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि तीन से चार दशकों तक तक सेवा करने वाले बिजली कर्मियों के पास बहुमूल्य अनुभव की पूंजी है। उनके योगदान से उपभोक्ता संतोष के लक्ष्य को हम प्राप्त कर रहे हैं। आज सेवानिवृत्त कर्मचारियों में भिलाई से वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री हरिनंदन मंडल, कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री राजेंद्र कुमार तिवारी, लाइन सहायक श्रेणी-2 श्री श्याम लाल निषाद, श्री राजेश कुमार चिंदेकर, रायपुर से श्री नेहरू बेहरा, दफ्तरी एवं जगदलपुर से श्री चैतराम नाग, भृत्य शामिल हैं।

# चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### 00 चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज का है गौरवशाली अतीत, छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में सामाजिक संस्थाओं की है महत्वपूर्ण भूमिका - साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज का अतीत गौरवशाली रहा है। समाज में छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे प्रतापी शासक हुए, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल जैसी महान विभूतियाँ हुईं, जिन्होंने देशी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज न केवल परिश्रम और स्वाभिमान का प्रतीक है, बल्कि यह समाज छत्तीसगढ़ के विकास का आधार स्तंभ भी है। छत्तीसगढ़ को नई दिशा और विकसित राज्य बनाने में इस समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री साय आज दुर्ग जिले के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा तथा विधायक श्री अजय चन्द्राकर, श्री गजेन्द्र यादव एवं श्री ललित चन्द्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के अधिकांश लोग मूल रूप से किसान हैं और व्यापक स्तर पर कृषि कार्य से जुड़े हैं। प्रदेश सरकार किसान भाइयों के चेहरों पर हमेशा खुशी देखना चाहती है। सरकार लगातार किसान भाइयों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। इस समय विकसित कृषि संकल्प अभियान छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में 29 मई से 12 जून 2025 तक चल रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों को किसानों से सीधे जोड ?ा और नई कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा सफल कृषि मॉडलों की जानकारी देना है। कृषि वैज्ञानिकों के 100 समूह छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में किसानों से संवाद कर रहे हैं। ये वैज्ञानिक किसानों को ऑर्गेनिक खेती, खाद और सॉयल हेल्थ कार्ड के सही उपयोग के बारे में जागरूक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ का हर किसान तकनीकी रूप से सक्षम हो और उनकी आय में वृद्धि हो।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेती-किसानी तभी मजबूत होगी जब किसान भाइयों को उनकी उपज की सही कीमत मिलेगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विधानसभा चुनाव के समय गारंटी दी थी कि प्रदेश में सरकार बनने पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जाएगा। इसे पूरा करते हुए हमने किसानों के खातों में सरकार बनते ही राशि अंतरित की। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है। बीते खरीफ सीजन में राज्य में 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी का नया रिकॉर्ड बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत मिल रही है। धान खरीदी के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे प्रदेश में खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ रहा है। प्रदेश में सिंचाई के संसाधनों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन को भी प्राथमिकता दी जा रही है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गरीब परिवारों को दो-दो दुधारू पशु दिए जाएंगे, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपी गई है। किसानों को दूध बेचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए दुग्ध एकत्र करने के लिए भी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में मिलेट्स (कोदो, कुटकी और रागी) की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोसेसिंग संयंत्र की स्थापना की जा रही है। यह अनाज पहले गरीबों का भोजन माना जाता था, लेकिन अब यह पोषणयुक्त होने के कारण उच्च वर्ग में भी लोकप्रिय हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने नई औद्योगिक नीति बनाई है, जिसमें प्रदेश की जरूरत के हिसाब से उद्योग की स्थापना के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। हमारी सरकार का संकल्प है - सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। इसी भावना से हम समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएँ बना रहे हैं और उन्हें कार्यरूप में परिणत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ लागू की गई हैं। महतारी वंदना योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं और सिलाई, कढ़ाई, सब्जी उत्पादन जैसे कार्यों से अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना को एक बार फिर शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 22,000 से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने अवगत कराया कि सुशासन तिहार में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों का दौरा किया। योजनाओं की जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग की और जनता जनार्दन से फीडबैक लिया। तीन चरणों में संपन्न सुशासन तिहार में 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निराकरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल व्यवस्था की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अब जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे आम जनता को राहत मिली है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अधिकांश कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन और समाज को बेहतर बनाने का जरिया है। प्रदेश में आईआईटी, आईआईआईटी, लॉ यूनिवर्सिटी और मेडिकल कॉलेज जैसे प्रमुख संस्थान स्थापित किए गए हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उन्हें समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कुर्मी समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज उन्नत कृषक और व्यापारी समाज है, जो छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह समाज न केवल खेती और व्यापार में अग्रणी है, बल्कि शिक्षित और संगठित भी है। उन्होंने आग्रह किया कि विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में सभी सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई समाज मजबूत होता है तो उससे पूरा राष्ट्र मजबूत होता है। शिक्षा, सेवा और जागरूकता से ही समाज और राष्ट्र का सशक्त निर्माण संभव है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि समाज को जोड़कर सही मार्ग दिखाने वालों का समाज में हमेशा सम्मान होता है। आज समाज की नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम को विधायक श्री अजय चन्द्राकर, श्री ललित चन्द्राकर और बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री चन्द्रहास चन्द्राकर ने भी संबोधित किया। चन्द्रनाहू क्षत्रीय कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री विनोद चन्द्राकर ने स्वागत उद्बोधन में केन्द्रीय महाधिवेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चन्द्रनाहू क्षत्रीय कुर्मी समाज के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# प्रकृति और संस्कृति दोनों को बचाने की जरूरत - पैकरा

### 0 प्लास्टिक से प्रकृति का दम घुट रहा है - अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक, 0 पर्यावरण महोत्सव में पर्यावरण सरंक्षण पर चर्चा हुई
### 00 प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए दृढ़ संकल्पित होने की जरूरत... ब्रह्माकुमारी सविता




**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्य जीवन) प्रेम कुमार और ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने की। चर्चा का विषय था -पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व। इस अवसर पर बोलते हुए वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुमूल्य सम्पदा के रूप में अनेक उपहार दिए हैं। एक ओर विकास हो रहा है तो दूसरी ओर विनाश हो रहा है। प्रकृति को प्रदूषित करने के लिए हम सब दोषी हैं। प्राकृतिक वन को हमने उजाड़ा है। वन सरंक्षण के लिए लोगों में जन जागृति लाने की जरूरत है। हमें प्रकृति और संस्कृति दोनों को बचाने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश नदी-नालों और जंगलों से घिरा हुआ है। उन्हें सरंक्षित करने की आवश्यकता है। प्राकृतिक असन्तुलन के कारण हमें अतिवृष्टि और अनावृष्टि का सामना करना पड़ रहता है। इसी प्रकार खेती में रसायनिक खेती को छोड़कर जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है। वन विकास निगम ने इस वर्ष औद्योगिक क्षेत्रों में 15 से 18 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है। अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्य जीवन) प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। आजकल प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इससे प्रकृति का दम घुट रहा है। हर साल हम तिरालिस लाख टन प्लास्टिक कचरा धरती और नदियों में हम डाल रहे हैं। प्लास्टिक का कुछ अंश हमारे ब्लड में भी घुल चुका है। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। लोग जंगलों में घूमने जाते हैं तो प्लास्टिक वहीं छोड़कर आ जाते हैं जिसको हिरन आदि जानवर खाकर मर रहे हैं। हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि प्रकृति ने हमारी जरूरत के मुताबिक सब कुछ दिया है लेकिन जब हम लोभवश उसका अत्यधिक दोहन करने लगते हैं तब समस्या शुरू होती है। हमें पानी की कीमत तब पता चली जब वह बोतल में बिकने लगा। इसी प्रकार आक्सीजन का महत्व हमें कोविड के दौरान पता चली। आज दृढ़ संकल्पित होने की जरूरत है कि हम प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। अपने साथ एक खाली कपड़े की थैली जरूर रखें। इससे पहले ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और जानवरों की सुरक्षा से ही पर्यावरण सरंक्षण संभव है। उन्होंने बतलाया कि प्रकृति के साथ-साथ मन के प्रदूषण को भी खत्म करने की जरूरत है। किसी के घर में मृत्यु होने पर उसके नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा और अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक प्रेमकुमार ने शान्ति सरोवर में वृक्षारोपण भी किया।

## जल्द बंद होगा कुम्हारी टोल प्लाजा, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दिया आश्वासन



**रायपुर।** रविवार को नागपुर में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने मुलाकात कर कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराए जाने की मांग को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए नियम कंडिका का हवाला देते हुए बताया कि 60 किलोमीटर के दायरे में दो टोल प्लाजा का संचालन नहीं होना चाहिए लेकिन छत्तीसगढ़ में इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कुम्हारी टोल प्लाजा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में अन्य भी ऐसे टोल प्लाजा है जो 60 किलोमीटर के दायरे के अंतर्गत आते हैं और किस प्रकार इन अवैध टोल प्लाजा का संचालन हो रहा है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आश्वासन दिया कि हम बहुत जल्द कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद कर देंगे एवं छत्तीसगढ़ के अन्य टोल प्लाजा की भी जानकारी मंगा कर उस पर भी निर्णय लेंगे। उपाध्याय ने बताया कि विगत कई वर्षों से लगातार कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने की मांग को लेकर आंदोलन किए जा रहे हैं और इन इस आंदोलनों में सहभागिता के लिए सत्ता पक्ष के सांसदों से भी सहयोग की मांग की गई थी। अगर शीघ्र बंद करने का निर्णय नहीं किया गया तो दिल्ली स्थित जंतर मंतर और गडकरी नागपुर निवास में प्रदर्शन किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में होगी शिक्षकों की भर्ती, प्रथम चरण में 5,000 पदों पर होगी नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावशील बनाने के लिए शिक्षकों के रिक्त पदों पर चरणबद्ध भर्ती की जाएगी। प्रथम चरण में 5,000 शिक्षकों की भर्ती होगी। इस निर्णय से प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन अध्यापन व्यवस्था को गति मिलेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इन्हीं पहल में शामिल है शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया राज्य में शुरू कर दी गई है। इसके पूरा होने के बाद शिक्षकों के रिक्त पदों का आकलन कर नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

गौरतलब है कि शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने की पहल के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत है वहां शिक्षक उपलब्ध हों और बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। युक्तियुक्तकरण का मतलब है स्कूलों और शिक्षकों की व्यवस्था को इस तरह से सुधारना कि सभी स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित हो और कोई भी स्कूल बिना शिक्षक के न रहे। राज्य की 30,700 प्राथमिक शालाओं में औसतन 21.84 बच्चे प्रति शिक्षक हैं और 13,149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक हैं, जो कि राष्ट्रीय औसत से कहीं बेहतर है। हालांकि 212 प्राथमिक स्कूल अभी भी शिक्षक विहीन हैं और 6,872 प्राथमिक स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर 48 स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं और 255 स्कूलों में केवल एक शिक्षक है। 362 स्कूल ऐसे भी हैं जहां शिक्षक तो हैं, लेकिन एक भी छात्र नहीं है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 527 स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात 10 या उससे कम है। 1,106 स्कूलों में यह अनुपात 11 से 20 के बीच है। 837 स्कूलों में यह अनुपात 21 से 30 के बीच है। लेकिन 245 स्कूलों में यह अनुपात 40 या उससे भी ज्यादा है, यानी छात्रों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षक कम हैं। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत जिन स्कूलों में ज्यादा शिक्षक हैं लेकिन छात्र नहीं, वहां से शिक्षकों को निकालकर उन स्कूलों में भेजा जा रहा है, जहां शिक्षक नहीं हैं। इससे शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक वाले स्कूलों की समस्या दूर होगी। स्कूल संचालन का खर्च भी कम होगा और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। एक ही परिसर में ज्यादा कक्षाएं और सुविधाएं मिलने से बच्चों को बार-बार एडमिशन लेने की जरूरत नहीं होगी। यानी एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित होंगे तो प्राथमिक कक्षाएं पास करने के बाद विद्यार्थियों को आगे की कक्षाओं में एडमिशन कराने की प्रक्रिया से छुटकारा मिल जाएगा। इससे बच्चों को पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। बच्चों के स्कूल छोडने. की दर (ड्रॉपआउट रेट) भी घटेगी। अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शालाओं के युक्तियुक्तकरण के तहत राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों का समायोजन होगा। इन 166 स्कूलों में से ग्रामीण इलाके के 133 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें छात्रों की संख्या 10 से कम है और एक किलोमीटर के अंदर में दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 33 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें दर्ज संख्या 30 से कम हैं और 500 मीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है। इस कारण 166 स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है, इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे। दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण यानि तर्कसंगत समायोजन कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत ज्यादा है, वहां संसाधनों और शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो। उन स्कूलों को जो कम छात्रों के कारण समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें नजदीकी अच्छे स्कूलों के साथ समायोजित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल, संसाधन और पढ़ाई का समान अवसर उपलब्ध हो सके। शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से बच्चों को ज्यादा योग्य और विषय के हिसाब से विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, कंप्यूटर आदि की सुविधाएं सुलभ होंगी। शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में अब पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे। जिन स्कूलों में पहले गिनती के ही छात्र होते थे, वे अब पास के अच्छे स्कूलों में जाकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस बदलाव से शिक्षा का स्तर सुधरेगा। छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि हर बच्चे को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।यह पहल राज्य की शिक्षा व्यवस्था को ज्यादा सशक्त और संतुलित बनाएगी। युक्तियुक्तकरण से न सिर्फ शिक्षकों का समुचित उपयोग होगा, बल्कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी मिल सकेगी।

## किराए के मकान में पकड़ाए 3 लड़कियां, संचालक-संचालिका गिरफ्तार



**रायपुर।** काफी समय से भाटागांव के इटालिया हाउस के किराए के मकान में देह व्यापार की शिकायत मिल रही थी, जिस पर पुलिस ने 1500 रुपये देकर एक युवक को ग्राहक बनाकर किराए के मकान में भेजा और कुछ भी गलत होने पर मिस कॉल कर इशारा देने को कहा, वहीं जब ग्राहक बनकर युवक मकान के अंदर गया और कुछ देर में उसने पुलिस को मिस कॉल कर देह व्यापर की सूचना दी, जिसपर पुलिस ने मकान को चारों ओर से घेर लिया और दरवाजा खुलाया, अंदर से चार लड़कियां मिली जिससे उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम रुषा खरे पति धनउ खरे उम्र 38 वर्ष निवासी अंबेडकर नगर पेंड्रावन थाना सरसीवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, धनेश्वरी मरकाम पति ध्रुव मरकाम उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम महुआ टिकरा जमगला सरगुजा, बिंदिया सिधार पिता विदुर सिदार उम्र 20 वर्ष निवासी बेलाडुला जैजैपुर जांजगीर चांपा और सीताबाई बरेठ पति राजू बरेठ 37 वर्ष निवासी रायगढ़ तिरोड़ीमल नगर को गिरफ्तार किया। रूषा खरे की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पाईटर दीपक मिश्रा द्वारा देह व्यापार करने के लिए दिए 500-500 का तीन नोट कुल 1500 तथा रुषा के बैग एवं घर के कमरों से दो नग उस्ताद कंपनी का साबूत कंडोम 5 नग, कंडोम का फटा रेपर एवं 07 नग उपयोग हुआ कंडोम बरामद कर समक्ष गवाह के जब्त किया गया। अन्य तीन लड़कियों का कथन लेने पर बताएं कि रुषा खरे काम दिलाने वह अधिक पैसा मिलने के नाम पर रायपुर लाकर जबरदस्ती देह व्यापार कराने लगी। इस प्रकार आरोपीगण डेविड व रुषा खरे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 224/2025 धारा धारा 4.5.7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 पंजीबद्ध कर आरोपिया रूषा खरें को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।


■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा, Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com


C M Y K




सरगुजा संभाग

# अम्बिकावाणी

■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर



मधुमक्खी की तरह गुणों रूपी मिठास एकत्र करते रहे।

युक्तियुक्तकरण का विरोध एवं काउंसलिंग का बहिष्कार का निर्णय लिया, साझा मंच - 10

अम्बिकापुर सोमवार, 02 जून 2025

■ सुभाष चौक पर चला प्रशासन का बुलडोजर,34 दुकाने हुई मलबे में तब्दील- 12

# जीएसटी छापों के खिलाफ नगर बंद का व्यापक असर, सरगुजा में सुबह से बंद रही दुकानें

## व्यापारियों ने रैली निकाली, छापे-अवैध वसूली पर रोक की मांग







**अंबिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जीएसटी छापे के खिलाफ रविवार को व्यापारी संघों ने नगर बंद रखकर रैली निकाली। जिसका व्यापक असर दिखा। सुबह से ही दुकानें बंद रहीं। कलेक्टोरेट चौकी पर व्यापारी संघों ने लगातार जीएसटी छापे और अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस ने भी बंद को समर्थन दिया है। दोपहर बाद भी शहर की दुकानें बंद हैं। दरअसल, सरगुजा में लगातार व्यापारियों पर जीएसटी के छापों के खिलाफ शनिवार को व्यापारी संगठनों ने मोर्चा खोला। अंबिकापुर के रिंगरोड, बिलासपुर चौक पर लक्ष्मी ट्रेडर्स में शुक्रवार से चल रहे जीएसटी छापे का विरोध करते हुए व्यापारियों ने नारेबाजी की। अग्रसेन भवन में मीटिंग के बाद व्यापारियों ने रैली निकालकर रविवार को नगर बंद रखा।

व्यापारी संघों की रैली नगर के मुख्यमार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट चौक पहुंची। यहां व्यापारी संगठनों ने तहसीलदार उमेश बाज को मुख्यमंत्री के नाम आवेदन दिया। ज्ञापन में व्यापारी संगठनों ने जीएसटी छापे के नाम पर व्यापारियों से अवैध उगाही का आरोप लगाया है। व्यापारी संगठनों ने आरोप लगाया है कि, जीएसटी चोरी का आरोप लगाकर फाइन का डर दिखाकर लाखों रुपए की अवैध उगाही की जा रही है। कुछ व्यापारियों को टारगेट कर कार्रवाई की जा रही है। व्यापारी संगठनों ने व्यापारियों को जबरिया परेशान न करने और अवैध उगाही पर रोक लगाने की मांग की है।

### कांग्रेस का बंद को समर्थन, दिखा व्यापक असर

व्यापारी संगठनों के बंद का रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन भी व्यापक असर दिखा। कांग्रेस ने व्यापारी संगठनों के बंद को अपना समर्थन दिया है। व्यापारी संगठनों के आह्वान पर सभी दुकानें सुबह से ही बंद रहीं। दोपहर बाद तक दुकानें नहीं खुलीं।

### स्टेट जीएसटी ने कहा- लाखों की टैक्स चोरी

सरगुजा में एक महीने में दर्जनों की संख्या में कार्रवाई जीएसटी की टीम ने की है, लेकिन शनिवार को विवाद के बाद जीएसटी टीम ने विज्ञप्ति जारी की है। इसमें बताया गया है कि लक्ष्मी टेंडर्स में ३० मई और ३१ मई को मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स, अंबिकापुर में जांच में पाया गया कि वर्ष २०१७-१८ से वर्ष २०२४-२५ तक कुल टर्न ओव्हर लगभग ९६ करोड़ से अधिक है लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान नगण्य किया गया है।
साल २०२३-२४ में माल की खरीदी ११ करोड़ की गई, लेकिन माल की सप्लाई मात्र ७ करोड़ की ही की गई है। व्यवसायी ने अपनी गलती / त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से १७.५५ लाख टैक्स भुगतान कर दिया है। उस व्यवसायी पर स्टेट जीएसटी विभाग ने पहले कोई कार्रवाई नहीं की।

# जन मन की तहत बनी सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट,अधिकारी ने कहा जांच के बाद होगी दोषियों पर कार्यवाही





**राजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
बलरामपुर जिले में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं सड़कों का निर्माण हो रहा है लेकिन इनमें जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। इस पर ना तो किसी का ध्यान है और ना ही कोई कार्रवाई हो रही है पहाड़ी कोरवा बस्ती लाऊ के गुडरीकोना ग्राम में निर्माण हुए ऐसे ही करोड़ों की एक सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। ग्राम पंचायत लाऊ के पहाड़ी कोरवा बस्ती मे लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से सड़क का निर्माण किया गया है। लगभग १ महीने पहले ही सड़क बनी है लेकिन इसमें इतनी घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है कि सड़क एक महीने में ही उखड़ने लगी है और लोग अपने हाथों में सड़क लेकर घूम रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले उनके गांव में कभी पक्की सड़क नहीं बनी थी लेकिन पहली बार जब पक्की सड़क का निर्माण हुआ तो उसकी क्वालिटी भी इतनी खराब है कि बीना गाड़ी चले ही वह उखड़ने लगी है। इस बस्ती में पहाड़ी कोरबा जो राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाते हैं उनकी जनसंख्या निवास करती है और इन्हें मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार की तरफ से टेंडर निकालकर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं लेकिन सड़क निर्माण काफी घटिया स्तर का कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि इससे अच्छा तो कच्चा सड़क ही था क्योंकि यह पक्की सड़क पहले ही बरसात में धूल जाएगी और अभी से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने कहा की लगभग ४० साल बाद उनके गांव में पक्की सड़क का निर्माण हुआ है और उसकी हालत बेहद खराब है।

### जांच की जाएगी -अपर कलेक्टर

इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत नहीं की वहीं मामले में अपर कलेक्टर बलरामपुर आर.एस.लाल ने ने फोन पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई है और जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत मिली है और जांच की जाएगी।

### गुणवत्ता के जांच करने नहीं पहुंचा कोई भी अधिकारी

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान इसके गुणवत्ता के जांच करने के लिए कोई भी अधिकारी यहां पर नहीं पहुंचा था और अभी तक इसमें कोई वाहन चला भी नहीं है क्योंकि ज्यादातर लोग यहां पैदल चलते हैं। सड़क की मोटाई लगभग डेढ़ से २ इंच ही है और नीचे बेस भी ठीक तरीके से नहीं किया गया है ऐसे में यह सड़क कितना दिन चलेगा कोई नहीं जानता।

# स्वाद एवं सेहत के में लाजवाब कोयनार साग बिक रहा 100 रूपए तक



**रामानुजगंज(अम्बिकावाणी समाचार)।**
स्वाद एवं सेहत के में लाजवाब कोयनार साग रामानुजगंज में लगने वाले साप्ताहिक बाजार रविवार एवं गुरुवार को बिकने आ रहा है।आसपास गांव एवं झारखंड के सरहदी ग्रामों से यहां यह साग बेचने आते हैं जो ८० से १०० रूपए किलो बिक रहा है जो इसकी विशेषता जानते हैं वह खोज कर यह साग लेते हैं। कोयनार का साग वर्ष में सिर्फ यही समय मिलता है।

कोयनार साग एक पौष्टिक और औषधि साग है जो विभिन्न क्षेत्रों में पाया जाता है इसका उपयोग सब्जी के रूप में किया जाता है और यह कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। यह साग पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण होते है। साग में विटामिन और मिनरल्स का एक अच्छा स्रोत है।


आयरन की कमी को भी दूर करता है इसको खाने से शरीर को ठंडक मिलती है और पेट ठंडा रहता है पाचन को सुधारने में मदद करता है और कब्ज की समस्या दूर करता है।

### दिल को रखता है स्वस्थ

यह साग दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है और हृदय रोगों के खतरे को काम करता है त्वचा में निखार भी लाता है यह साग खून को साफ करता है और त्वचा में निखार लाता है अन्य स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है जैसे कि डायबिटीज, हार्ट डिजीज और कैंसर के खतरे को काम करता है।

### कोयनूर साग बनाने के तरीके

इसे अन्य साग की तरह प्याज, लहसुन, हरी मिर्च और तेल में छौंक लगाकर पकाया जा सकता है इसे दाल या अन्य खाद्य पदार्थों के साथ भी खाया जा सकता है।




# दोहरे वज्रपात की रात... दो मासूम पुत्रों की मौत..उसी रात घर से चोरों ने 10 लाख के जेवर व नगदी की कर ली चोरी

## सांप के काटने से हुई थी दो मासूम भाइयों की मौत.. सदमे में थी मां की हालत

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
एक परिवार पर एक ही रात में ऐसा वज्रपात टूटा कि उनके दो पुत्रों में दोनों की ही मौत रात भर में सांप के काटने से हो गई। परिवार दोनों पुत्रों को लेकर अस्पताल गया हुआ था और उसी रात उनके घर में आजा चोरों ने नगदी और जेवर मिलकर लगभग १० लख रुपए की चोरी कर ली। पूरा मामला कोरिया जिले के पटना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिंदिया बांध पारा का है।
जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पटना क्षेत्र ग्राम छिंदिया बांध पारा निवासी प्रताप राजवाड़े का १३ वर्षीय पुत्र सूर्यभान राजवाड़े



और छोटा बेटा मानव राजवाड़े दोनों २९ मई की रात अपनी मां भाग्यश्री के साथ खाना पीना खाकर सो रहे थे। देर रात दोनों बेटे उठे और पेट कमर में दर्द के साथ-साथ सांस लेने में परेशानी की बात कही। कुछ ही देर में दोनों के मुंह से झाग निकलने लगा। तत्काल निजी वाहन से दोनों को बैकुंठपुर जिला अस्पताल परिजन लेकर पहुंचे जहां मानव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।
गंभीर स्थिति में सूर्यभान को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया था। यहां लाते ही चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। स्थिति यह थी कि पिता अपने छोटे पुत्र के शव के साथ बैकुंठपुर अस्पताल में था वही दूसरे पुत्र की मौत होने पर सदमे में गई मां को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल करना पड़ा। विडंबना देखिए.. जिस परिवार के दोनों ही पुत्र की मौत से परिवार पूरी तरह से टूट चुका था उसी रात को उनके घर में आजा चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए सेंध लगा दी। घर के अंदर लगभग १० लाख के नगदी सहित गहने जेवर की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। दोनों पुत्रों को खोकर जब पूरी तरह से टूट चुका परिवार अपने घर पहुंचा तो घर के अंदर की स्थिति देखकर उनकी बची कुची हिम्मत भी टूट गई। उक्त परिवार के साथ घटित दर्दनाक घटना के बाद चोरी की घटना को लेकर आसपास के लोग काफी आक्रोशित हो गए। सभी मिलकर संबंधित थाने पहुंचे। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने चोरों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम भी गठित कर दी है।

### बादल में एक माह तक आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

जगदलपुर। बस्तर एकेडमी आफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसान में आयोजित एक माह तक आयोजित किए गये समर कैंप में कुल 89 प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अन्तर्गत गायन, वादन, नृत्य, अभिनय, चित्रकला हस्तकला ट्री बार्क आर्ट, धान आर्ट, पुट्टी आर्ट, समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जगदलपुर नगर पालिक निगम के महापौर संजय पांडे एवं जिला पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन उपस्थित थे।

# म्यूल एकाउंट संचालन मामले में पिता पुत्र गिरफ्तार

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** ऑन लाइन सहित अन्य दूसरे प्रकार की ठगी की रकम को खपाने ठग ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले लोगों से मासिक दर पर उनका बैंक खाता ले उसी बैंक खाते के जरिए ठगी का रकम खपा मोटी कमाई कर रहे हैं।ऐसे मामलों में ग्रामीण क्षेत्र के लोग अधिक शिकार हो रहे हैं।इसी प्रकार के एक मामले में भारतीय सायबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा संचालित पोर्टल से प्राप्त जानकारी पर बिश्रामपुर पुलिस ने म्यूल एकाउंट से ठगी के रकम की अफरा तफरी मामले में पिता पुत्र को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया है।बिश्रामपुर



थाना के एएसआई अविनाश सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर से जारी पत्र में म्यूल खाता संचालन मामले की जांच थाना पुलिस कर रही थी जिसमें खाता धारक जितेंद्र यादव के एक्सिस बैंक शाखा बिश्रामपुर खाते से चार अलग अलग ट्रांजक्शन में ठगी की रकम का आहरण की जानकारी सायबर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई थी जिसमें करीब एक लाख रु का लेनदेन हुआ है।जांच के दौरान बैंक से खाता का डीटेल प्राप्त करने व आरोपी खाताधारक से पूछताछ करने पर जितेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र दिवेश कुमार ने उक्त बैंक खाते को अपने साथी को बैंक पासबुक, एटीएम व उसका कोड दिया गया था।जांच में मामले में आरोपियों द्वारा आपराधिक षड्यंत्र करना पाए जाने पर आरोपी जितेंद्र यादव पिता सुदामा यादव ३९ वर्ष,दिवेश कुमार पिता जितेंद्र यादव १९ वर्ष निवासी ग्राम सपकरा के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा ३१७(४),३१८(२)६१(२)(ए) के तहत केस दर्ज कर आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया है।


C M Y K

## अमीर का बच्चों को विषय शिक्षा का ज्ञान की जरूरत है तो क्या गरीब के बच्चों को विषय शिक्षा के ज्ञान की जरूरत नहीं है-फेडरेशन



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध शिक्षकों के जिला स्तरीय आंदोलन का समर्थन किया है।शिक्षक फेडरेशन के सरगुजा जिला के अध्यक्ष एम एस आजाद संभागीय अध्यक्ष संजय सिंह एवं प्रांतीय महामंत्री कमलेश सोनी ने बताया कि शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षावार प्रत्येक विद्यार्थियों को विषय शिक्षक उपलब्ध कराने की व्यवस्था को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम २००९ के अनुसूची (धारा-१९ और २५) मेंविद्यालय के लिए मान और मानक में उल्लेख है कि कम से कम प्रति कक्षा में एक शिक्षक विज्ञान और गणित,सामाजिक अध्ययन और भाषा का शिक्षक रहना चाहिए। लेकिन इसके विपरीत विषय व्यवस्था को नजरअंदाज कर विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के मान और मानक से शिक्षकों को अतिशेष किया जा रहा है।जोकि बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम २००९ का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल/हायर सेकंडरी स्कूलों में विषयमान से स्वीकृत पदों में कार्यरत उसी विषय शिक्षकों को भी अध्यापन के ४ कालखण्ड से कम होने के आधार पर अतिशेष किया जाना अवैधानिक है। उन्होंने दावा किया है कि शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अनेक स्कूल बंद होंगे। जिसके कारण शिक्षा के प्रसार से नीति पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

# क्रिकेट मैच के करोड़ों सट्टे के पैसे के आदान प्रदान के लिए खुलाकर दिया था अपना खाता, आरोपी गिरफ्तार




**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
क्रिकेट मैच मे करोडो का सट्टा लगाकर अवैध धन के आदान प्रदान हेतु फर्जी खाता खोलवाकर आपराधिक षड़यंत्र कारित करने के मामले मे शामिल आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व मे १२ आरोपी मामले मे गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

गिरफ्तार आरोपी द्वारा मोटी रकम के एवज अपना खाता खुलवाकर अन्य आरोपियों कों आपराधिक कृत्य से अर्जित रकम की लेन देन करने मे उपयोग करने हेतु दिया गया था।

सरगुजा पुलिस द्वारा अवैध जुआ सट्टा के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम में १३ जनवरी कों थाना प्रभारी कोतवाली कों मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि सरगुजा साइकल स्टोर के सामने सुधीर गुप्ता अपने घर के कमरे मे ऑफिस बनाकर टीवी सेटअप लगाकर क्रिकेट मैच मे ऑनलाइन सट्टा का खेल पैसा रूपया का दाँव लगाकर खेलवा रहा हैं, मामले कों संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा अवैध जुआ सट्टा के मामले मे पुलिस टीम कों सख़्ती से कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गये। इसी क्रम मे थाना कोतवाली एवं साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा सूचना पर मौके पर रेड कार्यवाही की गई मौके पर तीन आरोपियों की गिरफ़्तारी समेत लाखों करोडों का मशरुका बरामद किया गया, पुलिस टीम द्वारा प्रकरण मे पूर्व मे कार्यवाही करते हुए १२ आरोपियों की गिरफ़्तारी की जा चुकी है। प्रकरण सदर में दौरान विवेचना आरोपी के जप्त शुदा खातों का बैंक से प्रतिवेदन देकर जानकारी ली गई जो खाता धारक प्रतीक कश्यप के बैंक खाता में लाखो का ट्राजेक्शन होना पाये जाने पर तलब कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपना नाम प्रतीक कश्यप आत्मज स्व. अशोक कश्यप उम्र २७ वर्ष निवासी मायापुर अंबिकापुर का होना बताया। आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपने नाम का बैंक खाता खुलवाकर मोटी रकम के एवज मे सुधीर गुप्ता एवं उसके साथी विक्की उर्फ राहुल अग्रवाल कों आपराधिक कृत्यों से अर्जित रकम की लेन देन करने हेतु देना बताया गया है, जिसका उपयोग सट्टा खेलने व खिलवाने में उपयोग किया जाना स्वीकार किये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्रकरण में आरोपीगण द्वारा सुसंगठित तौर पर कई व्हाट्सअप समूह बनाकर, फर्जी सिम, फर्जी खातों, हवाला और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से विनबज और स्काईएक्सचेंज प्लेटफार्म से सट्टा खेलाये जाने का गंभीर साक्ष्य मिले हैं, मामले मे अग्रिम जांच विवेचना जारी हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक वीरेंद्र पैकरा, अनुज जायसवाल, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव, लालदेव पैकरा, जितेश साहू, मनीष सिंह सक्रिय रहे।

## युक्तियुक्तकरण का विरोध एवं काउंसलिंग का बहिष्कार का निर्णय लिया, साझा मंच



**रामानुजगंज(अम्बिकावाणी समाचार)।**
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा २००८ के सेटअप का पालन न करते हुए नए सेटअप के अनुसार विद्यालय और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है ,जिससे राज्य के कुल १०४६३ विद्यालय एवं लगभग ४५००० की संख्या में शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं । राज्य शासन के इस युक्तियुक्तकरण के विरोध में विरोध में छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के बैनर तले ब्लॉक इकाई रामचंद्रपुर की एक आवश्यक बैठक स्थानीय श्रीराम मंदिर परिसर में बुलाई गई द्य बैठक में २००८ के सेटअप का पालन न करते हुए शिक्षकों को मनमाने तरीके से अतिशेष मानकर युक्तियुक्तकरण के तहत वरिष्ठ शिक्षकों को भी दूसरे विद्यालयों में पदस्थ करने का जो षड्यंत्र चल रहा है, जिसके कारण शिक्षकों में रोष है। अभी तक अतिशेष शिक्षकों की सूची का प्रकाशन एवं रिक्त पदों की सूची विभाग द्वारा प्रकाशन नहीं किया गया है, जिसके कारण शिक्षकों में भारी आक्रोश है । ब्लॉक संचालक प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि २००८ के सेटअप का पालन किया जावे। प्रभावित शिक्षकों दावा आपत्ति का समय दिए जाने की मांग की है . विभाग यदी ऐसा नहीं करती तो छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के बैनर तले युक्तियुक्तकरण काउंसलिंग का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा । साथ ही ब्लॉक संचालक राजेश्वर कुशवाहा के द्वारा शासन को स्पष्ट संदेश दिया गया की सभी प्रक्रिया पारदर्शी तरीका अपनाते हुए २००८ के सेटअप का पालन करके पूर्ण करें। बैठक में आलोक सिंह, विनोद रवि, संतोष कुमार वर्मा, रमेश मिश्रा ,अनिल तिवारी ,सुधीर यादव, शिवकुमार रवि ,जयवंश राम, मुकेश कुमार गुप्ता,रमन गुप्ता के साथ सैकड़ो शिक्षक उपस्थित हुए

## सड़क दुर्घटना में कमी लाने किया गया जागरूक, 13 वाहन पर की गई कार्रवाई

सुकमा। जिले के कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का पालन करने सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी शिव भगत रावटे और डीएसपी यातायात कृष्णकांत वाजपेई के नेतृत्व में शनिवार एवं रविवार को एनएच 30 मुयारास रोड के पास वाहनों की सघन जांच की गई। कार्यवाही की गई एवं दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग ना करने, शराब पीकर वाहन न चलाना, अवैध पार्किंग न करने, तेज रफ्तार वाहन न चलाने की समझाइश दी

# स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत बना शौचालय चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

### ठेकेदार और अधिकारियों की मिली भगत से पैसे का बंदर बांट,पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोग शौच के लिए बाहर जाने मजबूर





**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा जिले के आकांक्षी लखनपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत बना शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। जहां ठेका प्रथा से शौचालय का आधा अधूरा निर्माण कर ठेकेदार और अधिकारियों ने मिली भगत से राशि का बंदर बांट कर लिया है। वहीं पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोग खुले में शौच जाने को मजबूर है ।कहने को तो यह गांव ओडीएफ घोषित हो चुका है। लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है।

पूरा मामला लुण्ड्रा विधानसभा अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड लखनपुर के ग्राम बेलदगी के आश्रित ग्राम अलगा बेदोंपानी और आमापानी में एक दर्जन से अधिक पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों का स्वच्छ भारत मिशन योजना २०२४ - २५ अंतर्गत ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से शौचालय का आधा अधूरा निर्माण कार्य कराया गया और किसी हितग्राही के एक शौचालय में दो टायलेट सीट बैठाया तो किसकी हितग्राही के गड्ढा बनाकर ठेकेदार और अधिकारियों कर्मचारियों ने मिली भगत कर शौचालय की राशि हजम कर लिया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक बुटूल कोरवा पिता मंगल साय ,जगरोपण पिता मंगल साय ,लहंगा कोरवा पिता रामसाय,जेठी भाई पति मंगल सहाय, सुरेश कोरबा, बुधराम, कुंती कोरवा, रवि कोरवा, दुहनी कोरवा संहित अन्य पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों का वर्ष २४ - २५ में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय स्वीकृत हुआ।इसके बाद पंकज तिर्की नामक ठेकेदार आश्रित ग्राम अलका बैंदोपानी और आमापानी पहुंच पहाड़ी कोरवाओ का आधा अधूरा शौचालय निर्माण किया गया और जनपद कर्मचारी पंकज गुप्ता से मिली भगत कर ठेकेदार ने जियो टैग कराकर हितग्राहियों से १२-१२ हजार रुपए खाते से निकलवा लिए। शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण बिना ही राशि हजम कर लिया गया। आज

### अधूरा शौचालय, अधिकारियों ने कहा हितग्राहियों के खाते में पैसा नहीं डाला गया

इस संबंध में ग्राम पंचायत बेलदगी के सरपंच त्रिकेश्वर सिंह पैकरा ने आश्रित ग्राम पहुंच शौचालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि शौचालय का निर्माण कार्य आधा अधूरा है ।

सरपंच ने हितग्राहियों से बात की तो पता चला १२-१२००० की राशि हितग्राहियों से ठेकेदार ले चुका है। इस संबंध में ग्राम सरपंच सचिव रोजगार सहायक को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं है।इस संबंध में सरपंच ने फोन पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालय का पैसा हितग्राहियों के खाते में नहीं डाला गया है।

**कागजों में बना शौचालय निकाल ली गयी राशि**

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति के हितग्राहियों को शौच के लिए खुले में जाना पड़ रहा है जिसे उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शौचालय निर्माण की आई तस्वीर स्वच्छ भारत मिशन योजना को चढ़ाते हैं नजर आ रही है वहीं अब देखने वाली बात होगी कि स्वच्छ भारत मिशन योजना में किए गए भ्रष्टाचार को लेकर किस प्रकार की कार्रवाई की जाती है। लोगों की माने तो गांव में कई लोगों का शौचालय आधा अधूरा बना है और कई हितग्राहियों का शौचालय शुरू भी नहीं हुआ है। ठेकेदार गांव पहुंच गाड़ी बुक कर सभी हितग्राहियों को लखनपुर लाकर उनके खातों से १२-१२००० निकलवा कर पैसा ले लिया और शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है।इस संबंध में जिओ टेक कर्ता पंकज गुप्ता से फोन पर बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बने शौचालय का जिओ टेक नहीं किया गया। और ना ही राशि का आहरण किया गया है।

## बकावण्ड के एसडीएम ने तीन राशन दुकान को किया निलंबित

**जगदलपुर।** बसतर जिल के बकावण्ड विकासखंड के कई शासकीय उचित मूल्य के दुकानों से चना वितरण को लेकर मिली शिकायतों व जांच के बाद बकावण्ड के एसडीएम ने तीन दुकानों को निलंबित कर दिया है। अब इन राशन दुकानों का संचालन अन्य दुकानदारों के द्वारा किया जाएगा। बकावण्ड एसडीएम ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि बकावण्ड विकासखंड के कई राशन दुकानों में चना की कालाबाजारी मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन दुकानों को निलंबित कर दिया गया है।

# मनाया गया विश्व दुग्ध दिवस




**वाड्रफनगर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
विश्व दुग्ध दिवस संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (स्न्रह्र) द्वारा स्थापित किया गया है, जो प्रत्येक वर्ष १ जून को मनाया जाता है।यह दिन वैश्विक भोजन के रूप में दूध के महत्व को उजागर करता है और डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करता है.

यह दिन दूध को एक संपूर्ण आहार के रूप में बढ़ावा देता है और इसके पोषण संबंधी लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है डेयरी उद्योग के आर्थिक विकास, स्थिरता और आजीविका में योगदान, डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करना, डेयरी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे कि उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करता है. दूध के बारे में जागरूकता बढ़ाना, दूध की खपत, दूध के विभिन्न रूपों और डेयरी उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान करना, डेयरी क्षेत्र के सतत विकास को बढ़ावा देना, और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देता है.डॉक्टर देवेंद्र यादव के नेतृत्व में दुग्ध दिवस पर कृषक / पशुपालक संगोष्ठित का आयोजन ग्राम प्रेमनगर में किया गया !

दुग्ध दिवस पर दुग्ध व्यवसाय करने वाले आस पास के पशुपालक उपस्थित रहें ! आयोजन में पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन, पशुओं के लिए संतुलित आहार बनाने, हरा चारा के महत्व, दुग्ध समिति के गठन हरा चारा घर मैं कैसे उगाएं, पैरा का यूरिया उपचार एवम महत्व , हे साइलेज बनाने की विधि तथा टिकाकरण कार्य क्रम किया गया ! उक्त सभी बनाने कि विधि पशुपालकों को मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के ऑडियो वीडियो सिस्टम के द्वारा दिखाया एवम सुनाया गया ! कार्य क्रम में उपास्थित छोटे छोटे बच्चों को दूध पिलाकर एवम पशुपालकों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच जनप्रतिनिधि लोकेश प्रजापति भूपेंद्र चांद रूङ्क के दल, एवम पशुपालक उपस्थित रहें

# जब पूर्व वर्षों में अनेकों बार युक्ति-युक्तकरण हो चुका है, तब फिर युक्ति-युक्त करण करने की स्थिति कैसे बनी और किसने बनाई-डॉ.जे.पी. श्रीवास्तव

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
युक्ति-युक्त करण को लेकर ट्रेड यूनियन कौंसिल छत्तीसगढ़ के संरक्षक डॉ.जे.पी. श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अपना बयान जारी करते हुए कहा है कि शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता पूर्ण बनाने के नाम पर युक्ति-युक्त करण का खेल अनेक वर्षों से सतत्‌रुप से चल रहा है।यहां प्रश्न यह उठता है कि जब एक बार युक्ति-युक्त करण हो गया, तो फिर अगले वर्ष युक्ति-युक्तकरण की आवश्यकता क्यों पड़ती है। युक्ति-युक्त करण पर विराम लगाना है तो इस बिन्दु पर विचार होना आवश्यक है, इस युक्ति-युक्त करण के बार-बार होने के कारण के. जनक कौन है।यदि छात्रों की संख्या घटने का तर्क इसलिये निराधार है कि, जब देश और राज्य की जनसंख्या दिन व दिन बढ़ रही है और शासकीय शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण बनाया जा रहा, तब फिर विद्यालयों में छात्रों की संख्या कम होने का प्रश्न ही नहीं उठता है। इस बिन्दु पर भी विचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है कि जब पूर्व वर्षों में अनेकों बार युक्ति-युक्तकरण हो चुका है, तब फिर युक्ति-युक्त करण करने की स्थिति कैसे बनी और किसने बनाई, इसके लिये कौन उत्तरदायी है। क्या कोई शिक्षक स्वयम्‌ अपनी पदस्थदगी कर सकता है। उसकी पदस्थगी तो किसी अधिकारी के आदेश पर ही हुई होगी, उस अधिकारी ने शिक्षक की पदस्थगी आदेश उस विद्यालय के लिये क्यों जारी किया जहां नियमानुसार पूर्व संख्या में शिक्षक थे। अतिशेष शिक्षक की पदस्थगी करने वाले और अतिशेष की स्थिति बनाने वाले अधिकारी पर कार्यवाही क्यों नहीं होती है। यदि एक बार उन अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही हो जायेगी, तभी अतिशेष और युक्ति-युक्तकरण पर विराम लगेगा, नहीं तो हर वर्ष शिक्षक अतिशेष होते रहेंगे और हर वर्ष युक्ति-युक्तकरण की स्थिति बनती रहेगी। छत्तीसगढ़ शासन



स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक एफ-२-२४/२०२४/२०-तीन नवा रायपुर दिनांक २८/०४/२०२५ के अनुसार स्कूलों का और शिक्षकों का युक्ति-युक्तकरण होना है। शासन द्वारा जारी यह आदेश भी अजीबोगरीब है। इस आदेश की कण्डिका क्रमांक सात (१) में अंकित है कि दोनों विद्यालयों के छात्रों की संख्या को जोड़ कर शिक्षक की गणना छात्र अनुपात में की जायेगी। इस आदेश से स्पष्ट है कि शिक्षकों का युक्ति-युक्तकरण का चिन्हांकन की प्रक्रिया विद्यालयों के युक्ति-युक्तकरण के बाद ही होगी। लोक शिक्षक संचालनालय के पत्र क्रमांक /स्था. ०२/युक्ति/८३/२०२५/२९०, नवा रायपुर दिनांक २५/०४/२०२५ में अंकित है कि शासन द्वारा युक्ति-युक्तकृत शालाओं का आदेश दिनांक २५/०५/२०२५ तक जारी होगा, और इसी आदेश में यह भी अंकित है कि शिक्षकों के युक्ति-युक्तकरण हेतु अतिशेष शिक्षकों का विकास खण्ड स्तरीय समिति द्वारा चिन्हांकन १५ मई २०२५ तक होना है।

युक्ति-युक्तकृत दोनों विद्यालयों के छात्रों की संख्या के अनुपात से शिक्षकों की संख्या निर्धारित होना है. विद्यालयों का युक्ति-युक्तकरण आदेश २५/०५/२०२५ को जारी होगा, इस स्थिति में शिक्षकों का अनुपात अनुसार चिन्हांकन १५/०५/२०२५ को कैसे हो सकता है. इतने महत्वपूर्ण विरोधाभाष पर शासन ने ध्यान ही नहीं दिया है। वर्तमान सरकार ने चुनाव के घोषणा पत्र के पृष्ठ क्रमांक ३१ में शिक्षा के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण घोषणायें की थी पहला सरकार बनने पर सन्तावन हजार शिक्षकों की भर्ती होगी, दूसरी बंद स्कूलों को खोला जायेगा, किन्तु वर्तमान में तो इसकी उलट स्थिति बन रही है। यहां अत्यंत महत्वपूर्ण बिन्दु यह भी है कि जब शासन शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार पर कार्य कर रही है तो विद्यालयों की संख्या घटा क्यों रही है। शासन को स्कूल समायोजित करने के जगह छात्रों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिये। दूसरी तरफ नये शिक्षकों की नियुक्तियां करनी चाहिये। प्राथमिक विद्यालय में १ से ५ वीं तक की कक्षायें होती है. वहां प्रधान पाठक और एक शिक्षक कुल दो लोग रहेंगे, छात्र की संख्या अधिक होने पर अनुपात के अनुसार ही शिक्षक रखे जायेंगे। १ से ५ वीं कक्षाओं में, अलग-अलग विषय और युक्ति-युक्त करण के अनुसार केवल दो शिक्षक ही विद्यालय में रहेंगे, १ से ५ वीं कक्षाओं के छात्रों को दो शिक्षक कैसे पढ़ा पायेंगे, क्या यही शिक्षा की गुणवत्ता का सुधार है।

शिक्षक जगत की मांग है कि शासन द्वारा जारी २००८ का सेटअप ही लागू हो। इसमें प्राथमिक शाला में १+२ तथा मिडिल स्कूल में १ +४ का शिक्षकों का प्रावधान था। अब उसे घटा कर १+१ कर दिया गया है जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। विद्यालय में २१ विषय होते हैं, दो शिक्षक २१ विषय कैसे पढ़ा पायेंगे, इस बिन्दु पर विचार किया जाना आवश्यक है। दो शिक्षकों वाली शालाओं में, यदि एक शिक्षक अवकाश में चला गया तो फिर तो शाला स्वयमेव एक शिक्षकीय हो जायेगी। कोई भी राष्ट्र या राज्य स्वास्थ्य और शिक्षा से समझौता नहीं करता, फिर छत्तीसगढ़ में शिक्षा से समझौता क्यों किया जा रहा है। एक और शराब की दुकानें बढ़ाई जा रही है. दूसरी ओर स्कूलों की संख्या कम की जा रही है, स्कूलों की इतनी सर्जरी की आवश्यकता नहीं थी, जितनी शासन द्वारा की जा रही है। शासन के मंत्रियों ने घोषणा की थी, कि बीस से तीस हजार शिक्षकों की भर्ती की जाना है, यदि इतने शिक्षकों की भर्तियां हो जायें और लम्बे समय से लम्बित पड़े प्राचार्य, व्याख्यता, उच्च श्रेणी शिक्षक, शिक्षक के प्रमोशन कर दिये जायें और इन नये भर्ती शिक्षकों को तथा पदोन्नत शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ किया जाये तो सभी नवनियुक्त शिक्षक और पदोन्नत शिक्षक खुशी-खुशी ग्रामीण क्षेत्र में चले जायेंगे और अतिशेष की समस्या का स्थायी निदान निकल जायेगा, लेकिन शासन व्यवस्था की और कम तथा बचत की ओर ज्यादा ध्यान दे रही है. इस कारण यह स्थिति बन रही है। किसी भी शासन का दायित्व है कि वह शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे, इस परिप्रेक्ष्य में शासन को शिक्षा विभाग का बजट बढ़ाना चाहिये तथा विद्यालयों में छात्रों की संख्या बढ़ाये जाने पर जोर देना चाहिये। शिक्षकों की नई नियुक्तियां कर शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक विद्यालयों में शिक्षक पदस्थ करना चाहिये। युक्तियुक्तकरण की स्थिति निर्मित करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही भी किया जाना आवश्यक है, तभी शिक्षा की गुणवता में सुधार संभव होगा, वरना युक्ति-युक्तकरण का यह झुन-झुना, हर साल बजता रहेगा और शिक्षक परेशान होते रहेंगे। शिक्षक जगत युक्ति-युक्त करण को लेकर आन्दोलनरत है. ट्रेड यूनियन कौंसिल शिक्षकों की मांगों का समर्थन करती है, तथा शासन से अनुरोध करती है कि वर्ष २००८ के सेटअप को लागू किया जाये तथा शिक्षकों की नियुक्तियां की जाये ताकि युक्ति-युक्तकरण की स्थिति ही ना बने। इतिहास साक्षी है कि जब-जब शिक्षकों ने वृहद्‌ आन्दोलन किया है तब-तब सरकारें प्रभावित हुईं हैं।

## छग टीचर्स एसोसिशन में राजेश प्रदेश संगठन मंत्री व लुदरसन जिलाध्यक्ष बने

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिशन जिला बस्तर के कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वर्तमान जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया है एवं लुदरसन कश्यप को बस्तर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन में पदाधिकारियों की नई नियुक्ति से प्रदेश एवं संभाग, जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है। संगठन ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों से संघ को मजबूत बनाने और शिक्षक हित में अपने कर्तव्य का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा की है। इस अवसर पर प्रवीण श्रीवास्तव, शिव सिंह चंदेल, मोहम्मद ताहीर शेख, अमित पॉल, मनीष ठाकुर, बुधराम कश्यप, भुवनेश्वर नाग, हेमन्त मंडावी, नितिन देशमुख, मुढोराम कश्यप सहित अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। उपरोक्त जानकारी संघ के जिला मिडिया प्रभारी नीलमणी साहू ने दी।

जीएसटी छापों के खिलाफ नगर बंद का व्यापक असर, पेज 09



# पक्के मकान से संवरा भविष्य, अब मेरा भी पक्का घर है, श्री साधु की जुबानी बदलाव की कहानी

**बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासन-प्रशासन के प्रयासों से ग्रामीण अंचलों में अब बदलाव की बयार चल रही है। एक समय ऐसा भी रहा है जब गांवों में कच्चे मकान, टूटी छतों में जीवन बिताना आम बात रही है लेकिन आज केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से निम्न वर्गीय परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हुआ है और सुरक्षित घर मिल रहा है। इस योजना से जिले के ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों में भी परिवर्तन आया है जिन्होंने इस योजना के माध्यम से अपने जीवन में नया उजाला लाया। जिले के विकासखंड कुसमी अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर श्रीकोट में पहुँचे। कोरंधा निवासी श्री साधु जीवनयापन के लिए खेती-बाड़ी और मजदूरी करते हैं। कई वर्षों से वे अपने परिवार के साथ एक कच्चे झोपड़ी जैसे मकान में रह रहे थे। उनका घर मिट्टी और खप्परों से बना था, जिसकी दीवारें बारिश में ढहने लगती थीं। बरसात के दिनों में पानी घर के अंदर घुस आता था, जिससे परिवार का जीवन बुरी तरह




प्रभावित होता था। शीत ऋतु में कच्ची दीवारें ठंडी और असहज हो जाती थीं, वहीं गर्मी के दिनों में घर के अंदर का तापमान झुलसाने सा हो जाता था। श्री साधु बताते हैं कि पक्के मकान की हमेशा से इच्छा थी जहां आराम मिले सके। लेकिन परिवार की आमदनी कम होने के कारण पक्का घर बनवाना तो असंभव सा लगता था। ऐसे में सरकारी योजना सहारा बनी। वे बताते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी मिली। योजना की पात्रता की जांच के बाद श्री साधु का नाम लाभार्थियों की सूची में आया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें योजना के अंतर्गत सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही मनरेगा से मजदूरी के रूप में कुछ अतिरिक्त सहायता भी मिली। कुछ महीनों में साधु का सपना साकार हो गया। अब उनके पास एक मजबूत छत, पक्की दीवारों वाला पक्का मकान है। उनके आँखों में संतोष की चमक है कि अब बरसात उनके लिए परेशानी नहीं, बल्कि खुशी की ऋतु बन गई है।साधु बताते हैं कि पहले जब कोई मेहमान घर आता था तो मैं शर्मिंदा हो जाता था कि उन्हें किस हालत में बैठाऊं। अब मेरे पास पक्का मकान है, जिसमें उन्हें सम्मानपूर्वक बैठा सकता हूँ। श्री साधु बताते हैं कि कैसे सरकारी योजनाएं सही पात्र लोगों तक पहुंचकर उनके जीवन को बदल सकती हैं। श्री साधु को आज समाधान शिविर श्रीकोट में पक्के मकान की चाबी सौंपी गई। वे खुश है कि उनका पक्के घर का सपना हकीकत में बदल चुका है उन्होंने सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट किया।

## 29 सदस्यों को दी गई भावभीनी विदाई

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 29 रेल परिवार के सदस्य माह मई 2025 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी रंजन कुमार द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया।

## अस्मिता सिटी-लीग 2025-26 का हुआ आयोजन



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने एवं प्रतियोगिता में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के द्वारा खेलो इंडिया लघु केन्द्र अम्बिकापुर में शनिवार को पी.जी. कॉलेज खेल मैदान में अण्डर-१९ अस्मिता फुटबॉल सिटी-लीग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर नगर पालिक निगम अंबिकापुर श्रीमती मंजूषा भगत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सरगुजा श्रीमती निरूपा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में समान रूप से आगे बढ़ रही हैं, चाहे शिक्षा हो, खेल हो या स्वास्थ्य। उन्होंने कहा कि खेलों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं श्रीमती निरूपा सिंह ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री राम कुमार सिंह ने कार्यक्रम में अस्मिता सिटी-लीग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अस्मिता सिटी-लीग में कुल ६ टीमों में ग्राम पंचायत खलीबा, खेलो इंडिया सेन्टर सूरजपुर, शा.कन्या उ.मा. विद्यालय अम्बिकापुर, गांधी स्टेडियम क्लब अम्बिकापुर, लक्ष्मीबाई एकादस अम्बिकापुर, खेलो इंडिया सेन्टर अम्बिकापुर ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के मैच नॉक आउट पद्धति से खेले गए, फायनल मैच खेलो इंडिया सेन्टर अम्बिकापुर एवं खेलों इंडिया सेन्टर सूरजपुर के मध्य हुआ, जिसमें सूरजपुर ३ः० से विजयी रही। मैच में निर्णायक श्री अम्बुलन संगा, श्री प्रकाश गुप्ता, श्री नितेश रहे। इस दौरान खेल परिसर अम्बिकापुर के प्रशिक्षक श्री देवेन्द्र कुमार सिन्हा, बास्केटबॉल कोच श्री राजेश प्रताप सिंह, श्री के.के. मिश्रा, श्री देवनाथ राम एक्का, श्री संदीप देवांगन, अमर सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

## जिले में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा के द्वारा श्रीकोट शिविर में उपस्थित सभी लोगो को अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नशापान नही करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष ३१ मई को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है। धूम्रपान एवं नशा से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें जन सामान्य को धूम्रपान के प्रभावी नियंत्रण के लिए जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के लोगों को धूम्रपान से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवश्य बताएं और स्वयं भी नशे से दूर रहकर अन्य लोगों को भी इससे बाहर निकलने में सहयोग करे। उन्होंने जल संवर्धन की दिशा में अवगत कराते है हुए मोर पानी मोर गांव के तहत जल सरंक्षण के लिए भी शपथ दिलाई।





इसी कड़ी में जनपद पंचायत राजपुर के सभाकक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस एवं देवी अहिल्या बाई हिककर की ३००वीं जयन्ती मनाई गई। देवी अहिल्या के जयंती पर १० महिलाओं तथा नशा मुक्ति अभियान मे कार्य कर रहे १० महिलाओं को उपहार और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया स जिसमे नशा के दुष्परिणाम के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, नशा मुक्ति से संबंधी संकल्प पत्र का वाचन किया गया तथा नशा नही किये जाने शपथ दिलाया गया।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. भुवन शर्मा — MD, DM (Neurology) — मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएं
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
• पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
डॉ. बी. मिंज — MBBS, MD, FIPM
• कमर दर्द, गर्दन, पीठ का दर्द एवं हाथ का दर्द
• जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द
डॉ. महावीर सिंह जौहरी — MBBS, MS, DNB (Haderbad) FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
• ब्रेन ट्यूमर, निंद की कमी, मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या
• स्पॉन्डिलाइसिस, स्पाइन की समस्या
• हाथ, पीठ, तालु या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल — MBBS, MD, Medicne (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi — पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
+ गैस, उल्टी की समस्या, भूख न लगना, पेट दर्द
+ पीलिया, पित्त की समस्या, क्रोनिक पेनक्रियटाइटिस
+ सीने में जलन, खाना एवं पानी का अटकना
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर 1.5 TESLA MRI
08 जून 2025, प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉंच की सुविधा उपलब्ध

◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पीटल
RSBY/MSBY (स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर, मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्ध:-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें। आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई — ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
सीटी स्कैन — ई.ई.जी., ई.सी.जी.
सोनोग्राफी — टीकाकरण की सुविधा
टी.एन.टी. — प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वस्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर में अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार हे
पता: माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबूपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

## कॉलरी कर्मी ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
एसईसीएल बिश्रामपुर के माइनस कॉलोनी निवासी कॉलरी कर्मी अनिल एक्का पिता रामचरण एक्का ५७ वर्ष ने बीती रात अपने सरकारी आवास में फांसी लगा खुदकुशी कर ली।बताया गया कि मृतक एसईसीएल बिश्रामपुर नगर प्रशासन के सब स्टेशन में वाहन चालक के पद कार्यरत था जो शनिवार की रात अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगा खुदकुशी कर लिया।बताया जाता है मृतक शराब का आदि था और अक्सर ड्यूटी से अनुपस्थित रहता था।

पक्के मकान से संवरा भविष्य, अब मेरा भी पक्का घर है, श्री साधु की जुबानी बदलाव की कहानी...पेज 11



# सुभाष चौक पर चला प्रशासन का बुलडोजर,34 दुकाने हुई मलबे में तब्दील

## ०० बगैर किसी बाधा के कार्रवाई पूरी होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस







**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** नगर के सुभाष चौक में स्थित वर्षो पुरानी दुकानें अब इतिहास की बाते हो गई।करीब हफ्ते भर के कवायद के बाद प्रशासन ने इन दुकानों को आज मलबे में तब्दील कर दिया है।रविवार को पूरी तैयारी के साथ प्रशासन की टीम सुभाष चौक पहुँची और खाली की गई दुकानों को जेसीबी से तोड़ना शुरू कर दिया।सुभाष चौक पर तकरीबन ३५ दुकाने थी जिन्हें नोटिस दिया गया।उक्त सभी दुकाने अतिक्रमण की जद में थी।इसके पहले भी कई बार यातयात के बढ़ते दबाव के मद्देनजर यहां के दुकानों को हटाने की कोशिश की गई थी पर कभी सफलता नही मिल पाई थी।यहां के दुकानदार व्यवस्थापन की मांग करते रहे है।नगर पालिका ने यहां दुकानों का निर्माण भी कराया है।जिससे दुकानदारो को यह भरोसा था कि नए बने दुकानों में प्रभावितों को कुछ रियायतें मिलेंगी।पर अब तक ऐसा कुछ नही हो सका है।इधर जिला प्रशासन ने इस बार यह ठान लिया था कि सुभाष चौक से महंगवा चौक तक कि अतिक्रमित भूमि को खाली करा कर सड़क चौड़ी करण का मार्ग प्रशस्त करना ही है।नगरीय प्रशासन ने बकायदे नोटिस जारी कर दुकानदारो को अल्टीमेटम दे दिया यहां तक कि माइक से एनाउंस भी करा दिया। इन तमाम कवायद के बाद रविवार को बुलडोजर की कार्रवाई की गई जिससे पहले चरण में सुभाष चौक से हक गली तक की करीब ३४ दुकानो को जमीदोंज कर दिया गया।यह कार्रवाई दोपहर तक पूरी कर ली गई और दोपहर बाद मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।आज इस कार्रवाई के दौरान भैयाथान रोड को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया गया था।जिससे इस मार्ग की दुकाने बंद थी। इधर इस तोड़फोड़ की कार्रवाई को देखने भी लोगो का मजमा लगा हुआ था।




### 00 ये अधिकारी रहे मौजूद

अतिक्रमण हटाओ अभियान की अगुवाई एसडीएम शिवानी जायसवाल कर रही थी।जिसमे तहसीलदार समीर शर्मा,नायब तहसीलदार रुपाली मेश्राम, प्रियंका रवि,इसराइल खान,शेलेन्द्र दिवाकर,मीना सिंह, आरआई रोशन मिंज,पटवारी निर्मल तिवारी,पुलिस प्रशासन की ओर से सीएसपी आरएस पैकरा,कोतवाली प्रभारी विमलेशदुबे , एसडीपीओ राजेश जोशी , डीएसपी अनूप एक्का,निरीक्षक लक्ष्मण ध्रुव ,मुख्यनगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला,यातयात प्रभारी प्रमोद पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल व नपा के कर्मचारी तैनात थे। प्रशासन ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में व्यवसायियों का भरपूर सहयोग मिला जिस पर प्रशासन ने आभार जताया है।

### नाराज तो थे पर ...?

सुभाष चौक के दुकानदार इस कार्रवाई से खासा नाराज थे।उनकी नाराजगी अतिक्रमण हटाने को लेकर कम थी बल्कि व्यस्थापन के मिले उन तमाम आश्वासनों को लेकर थी जो उन्हें चुनाव के दौरान मिलते रहे है।दुकानदार नोटिस मिलने के बाद सत्ता से लेकर विपक्ष तक के नेताओ का दरवाजा खटखटाया कि व्यस्थापन की दिशा में कुछ पहल हो जाये पर कुछ हासिल न होने वे हताश थे यही वजह रहा कि वे खुद से दुकान खाली कर प्रशासन का सहयोग करने का मन बनाया।इस कार्रवाई से कई लोगो के सामने रोजी रोटी की समस्या उतपन्न हुई है।जिसे उन्होंने नियति पर छोड़ दिया है।

## क्रॉम्पटन ने वर्ल्ड इंटीरियर्स डे का मनाया जश्न, पेश किया अपना स्कल्प्टेड मार्वल - साइलेंटप्रो फ्लूइडो सीरीज



**रायपुर** । वर्ल्ड इंटीरियर्स डे विश्व इंटीरियर दिवस के अवसर पर, भारत के नंबर १ फैन ब्रांड क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव का अनावरण किया - इसका नवीनतम नवाचार जो उच्च प्रदर्शन को डिजाइन को प्राथमिकता देने वाली सोच से जोड़ता है।

वर्ल्ड इंटीरियर्स डे के मौके पर, क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड झ भारत का नंबर १ फैन ब्रांड झ ने अपना नया पंखा साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव लॉन्च किया है। ये पंखा सिर्फ हवा देने वाला नहीं बल्कि घर की सजावट में चार चांद लगाने वाला एक स्टाइलिश आइटम भी है। यह दिखने में एकदम नया और अलग है झ यानी कि काम भी करेगा और कमरे की सुंदरता भी बढ़ाएगा।

इस लॉन्च के साथ, क्रॉम्प्टन सीलिंग फैन के एक नए युग की शुरूआत कर रहा है – जहाँ खूबसूरत डिजाइन और बेहतरीन परफॉर्मेंस एक साथ आते हैं। क्रॉम्प्टन घर की जरूरतों को नए नजरिए से देखता है, जहाँ एक आम उत्पाद को बारीकी से तराशकर एक डिजाइनर मास्टरपीस में बदला गया है।

आजकल लोग ऐसे घरों को बहुत सोच-समझकर सजाते है जो उनकी व्यक्तिगत शैली को दशार्ता है, और अक्सर न्यूनतम और समकालीन सौंदर्यशास्त्र को तरजीह देते हैं। उन्हें सादगी और स्टाइल दोनों पसंद हैं। वे सजावट की हर चीज का सोच-समझकर चुनाव करते है ताकि घर का हर कोना एकजैसा और दिखने में खूबसूरत लगे। हालांकि, ज्यादातर सीलिंग फैन अब भी सिर्फ चलने के लिए लगाए जाते है, जो जरूरत का सामान बने हैं लेकिन आधुनिक इंटीरियर से मेल नहीं खाते।

## तेज प्रताप ने लालू यादव और राबड़ी देवी के लिए लिखा भावुक संदेश, कहा- मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई

**पटना ,01 जून(ए)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की तस्वीर एक महिला के साथ वायरल होने के बाद उन्हें पार्टी और परिवार से बाहर निकाल दिया गया है। इसके लिए लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक बयान भी जारी किया था। परिवार से बाहर निकाले जाने के बाद अब तेज प्रताप यादव भावुक नजर आ रहे हैं।

तेज प्रताप यादव ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने माता-पिता लालू यादव और राबड़ी देवी के लिए भावुक संदेश लिखा है। तेज प्रताप यादव ने पोस्ट में अपने माता-पिता को सर्वोपरि बताया है और कहा कि उन्हें किसी राजनीतिक पद की कोई लालसा नहीं है। उन्हें सिर्फ अपने माता-पिता का प्यार और आशीर्वाद चाहिए। तेज प्रताप यादव ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा- मेरे प्यारे मम्मी पापा....मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर हैं आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सबकुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछ और। पापा आप नहीं होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहें हमेशा।

इससे पहले छोटे भाई तेजस्वी यादव के पुत्र होने के बाद भी तेज प्रताप यादव ने 'एक्स' पोस्ट किया था, जिसमें उन्होने नवजात को आशीर्वाद देते हुए लिखा था, श्री बांके बिहारी जी की असीम कृपा व आशीर्वाद से नवजात शिशु के आगमन ( पुत्ररत्न की प्राप्ति ) पर मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

# केशवपुर में आयोजित समर कैम्प का हुआ समापन




**रामानुजनगर (अम्बिकावाणी समाचार)।** पी एम श्री प्राथमिक शाला केशवपुर में समर कैम्प का आयोजन किया गया। रविवार को ग्राम पंचायत केशवपुर सरपंच के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के साथ भारी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच श्रीमती रजमानिया सिंह बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित की और बच्चों को मेहनत और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक रागिनी शुक्ला सहायक शिक्षक उरांव ठाकुर पैकरा, उज्वल प्रताप सिंह विजय सिंह, नरेन्द्र शुक्ला एवं भारी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित थे अपने उद्बोधन में विजय सिंह ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किये एवं उपस्थित एस एम सी अध्यक्ष एवं सदस्य पालकगण को ५-५ बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए सपथ दिलायी और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के हित मे हमेशा तत्पर रहने की बात कही समर कैम्प के दौरान बच्चों द्वारा बनाये गए विभिन्न विधाओं की खूब सराहना की इस १० दिवसीय आयोजित समर कैम्प की सराहना की। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठिका रागिनी शुक्ला द्वारा किया गया।

# देश में कोरोना केसों में फिर बढ़ोतरी, एक्टिव केस 3,395 के पार; सरकार ने की सतर्कता बरतने की अपील

**नई दिल्ली ,01 जून(ए)।** देश में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण ने रफ्तार पकड़ ली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देशभर में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या 3,395 तक पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में 685 नए मामले सामने आए हैं और 4 लोगों की मौत भी हुई है।

केरल में 1336 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। वहीं, कोविड मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने एक अहम सर्कुलर जारी किया है। इसमें लोगों को नियमित रूप से हाथ धोने, खांसते या छींकते समय शिष्टाचार अपनाने, भीड़भाड़ से बचने और आवश्यकता अनुसार मास्क पहनने की सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। महज कुछ दिनों में ही कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या में बड़ा उछाल देखा गया है। 22 मई को सिर्फ 257 केस थे। 26 मई को यह बढ़कर 1,010 हो गए। अब आंकड़ा 3,395 तक पहुंच गया है।

ढ्ढष्टरूक्र के महानिदेशक डॉ. राजीव बेहल ने बताया कि पश्चिम और दक्षिण भारत से लिए गए सैंपलों के जीनोम अनुक्रमण में ओमिक्रॉन के चार सब-वैरिएंट्स झ रुस्न.7, .1 और ह्लक्र.1.8.1 की पहचान हुई है। इनमें से पहले तीन सब-वैरिएंट्स सबसे ज्यादा मामलों में पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति पर करीबी नज? रखी जा रही है और इस समय घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्क रहना जरूरी है।

स्कूल खुलने के मद्देनज? कर्नाटक सरकार ने 26 मई को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कोविड समीक्षा बैठक के बाद परिपत्र जारी किया। सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि अगर बच्चों में बुखार, खांसी या कोविड जैसे लक्षण हों, तो उन्हें स्कूल न भेजें। ऐसे बच्चों को पूरी तरह ठीक होने पर ही डॉक्टर की सलाह से स्कूल भेजा जाए।

## निवासियों के विरोध के बीच दिल्ली के मद्रासी कैंप में चलाया गया तोडफोड़ अभियान

**दिल्ली ,01 जून(ए)।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जंगपुरा में बारापुला नाले के किनारे स्थित झुग्गी बस्ती मद्रासी कैंप में बड़े पैमाने पर तोडफोड़ अभियान चलाया गया है। यह कार्रवाई नाले की सफाई और जीर्णोद्धार के लिए क्षेत्र को खाली करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद की जा रही है।

अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की भारी तैनाती के बीच शुरू हुए इस अभियान का लक्ष्य 300 से अधिक झुग्गियों को हटाना है।

इलाके के निवासियों ने अपर्याप्त पुनर्वास के बारे में चिंता जताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जबकि कुछ परिवारों को नरेला में वैकल्पिक आवास की पेशकश की गई है।

साइट पर स्थित 370 झुग्गियों में से, 215 परिवारों को प्रधानमंत्री की 'जहां झुग्गी वहां मकान' पुनर्वास योजना के तहत पुनर्वास के लिए पात्र के रूप में पहचाना गया है और उन्हें नरेला में फ्लैट की पेशकश की गई है। शुरूआत में, पुनर्वास योजना में केवल 189 परिवारों को शामिल किया गया था। हालांकि, एक संशोधित सूची में 26 और परिवारों को जोड़ा गया।

अपना घर टूटता देख एक निवासी ने आईएएनएस से कहा, अब हमारे पास कुछ भी नहीं बचा है। 'जहां झुग्गी वहां मकान' एक झूठ है। वे घर आवंटित करने के बारे में झूठ बोलते हैं। वे जो कुछ भी कहते हैं, वह सब झूठ है। अभी तो मुझमें इस बारे में बोलने की हिम्मत भी नहीं है।

मद्रासी कैंप, जिसे 1968 और 1970 के बीच स्थापित किया गया था। इसे 16 किलोमीटर लंबे बारापुला नाले से जुड़ी एक जीर्णोद्धार परियोजना के लिए साफ किया जा रहा है। यह एक मुगलकालीन संरचना है जिसके लगभग 400 साल पुराने होने का अनुमान है।

तोडफोड़ अभियान दिल्ली उच्च न्यायालय के 9 मई के आदेश का परिणाम है, जिसमें अधिकारियों को नाले की सफाई और जीर्णोद्धार की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था।

न्यायालय का यह आदेश 2024 के मानसून के दौरान दायर एक जनहित याचिका के बाद आया है। न्यायालय ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सहित कई नागरिक एजेंसियों को भविष्य में बाढ़ को रोकने के लिए कार्रवाई करने और नाले को बहाल करने का निर्देश दिया था।

1 सितंबर, 2024 को, एमसीडी ने तोडफोड़ का प्रारंभिक चरण पूरा किया, जिसमें कई घरों को तोड़ दिया गया और इलाके से सभी स्ट्रीट वेंडरों को बेदखल कर दिया गया।

कई परिवारों को अभी तक फ्लैट आवंटन नहीं मिला है, जिससे निवासियों में असंतोष और बढ़ गया है। पिछले आठ महीनों में, मद्रासी कैंप राजनीतिक टकराव और प्रशासनिक संघर्ष का केंद्र बिंदु रहा है। विभिन्न नागरिक एजेंसियों और राजनीतिक दलों के बीच तोडफोड़ की प्रक्रिया और जिम्मेदारी को लेकर असहमति रही है।

# आमगांव खदान में नए पैच शुरू करने गए टीम को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव ओपन कास्ट परियोजना के विस्तार के क्रम में आगे सालही गांव के बाद पटना में नए पैच का शुभारंभ करने एसईसीएल के अधिकारी ग्राम पंचायत पटना पहुंचे थे, जहां पर उन्हें प्रभावित ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ गया। ग्रामीणों के मुताबिक उनकी तीन मांगे नौकरी, घर का मुआवजा और विस्थापन की राशि जब तक उन्हें प्रबंधन द्वारा सभी प्रभावितों को नहीं दे दी जाएगी, तब तक वे खदान का शुभारंभ गांव में नहीं करने देंगे। जिसके लिए कई बार ग्रामीण विरोध प्रदर्शन एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल कर चुके हैं। गौरतलब है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा शनिवार को आमगांव परियोजना की नए पैच का शुभारंभ पटना गांव में किया जाना था, लेकिन प्रभावित गांव के ग्रामीण एकजुट होकर मांग पूरा होने तक खदान के शुभारंभ का जमकर विरोध करते हुए अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर किया। ग्रामीणों का कहना था कि प्रबंधन द्वारा दावा किया जाता है कि यहां वर्ष २००६ में भूमि का अधिग्रहण करने की बात कही जाती है लेकिन वर्ष २०१७-२०१८ में यहां पर प्रबंधन द्वारा मुआवजा राशि देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही प्रबंधन को गांव के ३३४ लोगों के भूमि का अधिग्रहण किया गया है जिसमें ४६४ लोगों को नौकरी दी जानी है और अब तक महज करीब सवा सौ लोगों को ही नौकरी देने का कार्य किया जा सका है। ग्रामीणों का कहना है कि लोगों के मुआवजा, नौकरी व विस्थापन की प्रक्रिया पूर्ण कराए बगैर ही प्रबंधन द्वारा यहां गांव की जमीन काटने की शुरूआत किया जा रहा था, इसी वजह से लोगों के द्वारा विरोध कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रबंधन की टीम बैरंग ही पटना गांव से वापस लौट गई है। इस दौरान गांव की सरपंच विमला सिंह के अलावा उमाशंकर, बेचन, उपसरपंच, मालती देवी, प्राण पति सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी विरोध प्रदर्शन में शामिल थे।

